


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 22 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-262 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## सनी लियोन को मिल रहा महतारी वंदन का पैसा

### दीपक बैज ने कहा - मामले की गंभीरता से जांच करे सरकार



**रायपुर,22 दिसंबर।** कांग्रेस ने महतारी वंदन योजना में बड़ी गड़बड़ी का आरोप लगाया है. भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, पॉर्न स्टार के नाम से महतारी वंदन की राशि जारी हो रही है. पति का नाम पोर्न स्टार जॉनी सिंस लिखा हुआ है. सनी लियोन के नाम से हर महीने 1000 रुपए जारी हो रहा है. बैज ने सरकार से मामले की जांच करने की मांग की है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, महतारी वंदन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है. घोटाले के लिए मंत्री और सरकार जिम्मेदार है.



महतारी वन्दन योजना

महतारी वंदन योजना - लाभार्थी आवेदन एवं भुगतान की स्थिति

हितग्राही की जानकारी

MVY006535575

sunny leon

jonny sins

BASTAR / Bastar / Talur

सनी लियोनी के नाम से राशि जारी हो रही है. कल करीना कपूर का नाम भी सामने आएगा. गड़बड़ी के लिए साय सरकार जिम्मेदार है. गंभीरता से जांच होनी चाहिए. राज्य सरकार की वेबसाइट पर दर्ज विवरण के अनुसार माओवाद प्रभावित बस्तर के तलूर आंगनबाड़ी में सनी लियोन के नाम से आवेदन दर्ज किया गया था. वेबसाइट पर दर्ज विवरण के अनुसार, सनी लियोन पति जॉनी सिंस का पंजीयन क्रमांक MVY006535575 आंगनबाड़ी और सुपरवाईज़र द्वारा सत्यापित है और इस साल मार्च से उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाता क्रमांक ×××××76531 में राशि जमा की जा रही है. इस महीने भी उनके खाते में एक हजार रुपए जमा किए गए हैं.





## कोलेंग चांदामेटा सड़क दुर्घटना में अब तक 6 की मौत,43 घायल, 5 रायपुर रेफर

**जगदलपुर,22दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

शनिवार को जिले के कोलेंग-चांदामेटा क्षेत्र में हुई दुर्घटना में अब तक 6 लोगों की मौत हो गई है. 5 घायल ग्रामीणों को उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है. वहीं 38 ग्रामीण बस्तर जिले के डिमरापाल अस्पताल में भर्ती हैं. चांदमेटा सड़क हादसे में बढ़ी मृतकों की संख्या- दरअसल सड़क हादसे के बाद मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई. हादसे के बाद रेस्क्यू शुरू किया गया. घायलों का प्राथमिक उपचार कोलेंग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करने के बाद 45 लोगों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया. लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही दो की मौत हो गई. फिलहाल पांच को बेहतर इलाज के लिए देर रात रायपुर रवाना किया गया. 38 घायलों का इलाज डिमरापाल अस्पताल में जारी है. मृत व्यक्तियों में पांच महिलाएं हैं. सभी चांदामेटा के निवासी थे.

**सीएम विष्णुदेव साय ने सड़क हादसे पर जताया दुख-** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर मृत व्यक्तियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी शान्ति के लिए प्रार्थना की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है. उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं.

## पीएम मोदी ने कुवैत को बताया छोटा हिंदुस्तान

**कुवैत,22 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं. इस दौरान कुवैत में 'हला मोदी' कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के पास वह कौशल, तकनीक, नवाचार और मानव शक्ति है, जिसकी नए कुवैत को जरूरत है, उन्होंने कहा कि दोनों देश दिल के बंधन से जुड़े हुए हैं. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत और कुवैत अरब सागर के दो तटों पर स्थित हैं; हमें सिर्फ कूटनीति ही नहीं जोड़ती, बल्कि दिल के रिश्ते भी जोड़ते हैं. भारत और कुवैत के बीच संबंध सभ्यता, समुद्र, स्नेह, व्यापार और वाणिज्य के हैं. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, व्यापार और नवाचार के माध्यम से कुवैत एक गतिशील अर्थव्यवस्था बनना चाहता है. ऐसे में भारत भी नवाचार और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हैज भारत के पास वह कौशल, प्रौद्योगिकी, नवाचार और जनशक्ति है, जिसकी 'नए' कुवैत को जरूरत है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 43 सालों के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री इस देश का दौरा कर रहा है. उन्होंने कहा, ÷यह मेरे लिए विशेष क्षण है. 43 वर्षों, यानी चार दशकों से अधिक समय के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री कुवैत आया है. भारत से कुवैत पहुंचने में चार घंटे लगते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को यहां पहुंचने में चार दशक लग गए.



## लूटेरी दुल्हन सीमा अग्रवाल गिरफ्तार

**जयपुर ,22 दिसंबर ।** झोटवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूटेरी दुल्हन के नाम से मशहूर सीमा अग्रवाल उर्फ निक्की को देहरादून से गिरफ्तार किया है। डीसीपी जयपुर पश्चिम अमित कुमार के निर्देश पर गठित टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।जानकारी के अनुसार झोटवाड़ा निवासी एक ज्वैलर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्होंने मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए सीमा से संपर्क किया और फरवरी 2023 में शादी की। शादी के कुछ ही महीनों में सीमा ने परिवार का विश्वास जीतकर 25-30 लाख रुपये के गहने और नकदी चोरी कर फरार हो गई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि सीमा पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुकी है।

## ट्रक के पीछे जा घुसी कार,दो भाइयों की मौत

**भखारा,22 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर पंचायत भखारा में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि में दर्दनाक घटना हुई है। जिसमें चलते ट्रक के पीछे कार घुस गई। इस हादसे में दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि 3 बजे रायपुर की तरफ से ट्रक क्रमांक सीजी 13 एजी 7236 भखारा की ओर आ रही थी। ठीक उसके पीछे इंडिका कार क्रमांक सीजी 04 एचबी 4953 भी आ रही थी। भखारा घुसते ही कोलियारी मोड़ के पास की ब्रेकर में ट्रक के पीछे कार घुस गया। बता दें कि ट्रक के पीछे की निचले हिस्से में कार का बड़ा हिस्सा घुस गया जिसमें सवार दो लोगो को भारी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। जो गंभीर रूप से घायल हो गए थे दोनों लोगों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उक्त हादसे में मृतक ग्राम बोरझरा निवासी धर्मेंद्र उर्फ धनराज साहू उम्र - 22 वर्ष पिता रेवत राम साहू और लिकेश उर्फ लक्की उम्र 17 वर्ष पिता डमेश साहू है।परिजनों ने बताया कि लक्की कक्षा दसवीं का छात्र था दोनों नया रायपुर ऊपरवारा रिश्तेदार के घर गए थे जहां से वह वापस लौट रहे थे। इस संबंध में भखारा थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि ट्रक और कार दोनों एक ही तरफ से भखारा की ओर आ रहे थे। आशंका है कि कोलियारी मोड़ के पास सामने में ही ब्रेकर में ट्रक ने वाहन को धीमी किया होगा और कार उसमें जा घुसा। कार में सवार दोनों घायलों को निकाला गया। गंभीर अवस्था में दोनों को जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया। जहां पर उनकी मौत हो गई। आगे की कार्यवाही की जा रही है।



### कांग्रेस के पूर्व विधायक की गाड़ी में गांजा मिलने का मामला

## आखिर ऐसे मामलों में कांग्रेस के लोगों का क्यों होता है इन्वॉल्वमेंट : किरण सिंहदेव

**रायपुर,22 दिसंबर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक के गाड़ी से गांजा मिलने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कांग्रेस से जवाब मांगा है. उन्होंने कहा कि भाजपा जब इस पर कहती है तो कांग्रेसी कहते हैं कि भाजपा राजनीति कर रही है. लेकिन जितने भी ऐसे मामले आते हैं, उनमें कांग्रेस के लोगों का इन्वॉल्वमेंट क्यों होता है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने इसके साथ ही नगर पालिका संशोधन विधेयक को लेकर कांग्रेस के हाई कोर्ट जाने से सवाल पर कहा कि किसने बताया और कैसे पता चलता है कि चुनाव कब हो रहे हैं? ऑर्डिनेंस की व्यवस्था को लेकर मामले 5-7 दिन के मामले आते हैं. उन्होंने सवाल किया कि जनता के सामने कांग्रेस इतनी आसानी से झूठ कैसे बोल लेते हैं? कांग्रेसी न्यायालयीन, चुनावी व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं, संविधान की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं. लोकसभा का माहौल राहुल गांधी ने कैसे निर्मित कर दिया. कांग्रेस ने अपने उपयोग के लिए संविधान का तोड़-मोड किया. वहीं सिंहदेव ने साय मंत्रिमंडल के विस्तार की चर्चाओं पर कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं की भूमिका का निर्धारण राष्ट्रीय नेतृत्व, बड़े पदाधिकारी करते हैं. भाजपा आंतरिक लोकतंत्र की व्यवस्था को लेकर चलने वाली पार्टी है. मुझे जो दायित्व संगठन ने दिया है, उस दायित्व को ईमानदारी से करने का प्रयास करता हूं. वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिल्ली में होने वाले इन्वेस्टर मीट में शामिल होने पर किरण सिंहदेव ने कहा कि नई उद्योग नीति बनाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद. प्रदेश में नए उद्योग, इन्वेस्टर आएं, ऐसी परिकल्पना है. पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के समय में भी बड़ा इन्वेस्टर मीट हुआ था. समग्र विकास के लिए उद्योग की बड़ी भूमिका होती है.



## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व मासूम बेटे की मौत, मातम में बदलीं क्रिसमस की खुशियां

**अंबिकापुर,22 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अंबिकापुर. सरगुजा जिले के लुंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलसिला निवासी एक परिवार की क्रिसमस की खुशियां मातम में बदल गईं। नेशनल हाइवे पर रघुनाथपुर के पास शनिवार की रात सडक् हादसे में पति-पत्नी व मासूम बच्चे की मौत हो गई। पति-पत्नी अपने 7 वर्षीय बेटे को क्रिसमस की छुट्टी होने पर अंबिकापुर से घर ले जा रहे थे। इसी दौरान बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देर रात दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलसिला निवासी राजेश खेस्स 31 वर्ष का पुत्र शुभम खेस्स 7 वर्ष अंबिकापुर के ग्राम खैरबार में अपनी मौसी पूजा केरकेट्टा के घर रहकर सेंट मैरी स्कूल में पढ़ाई करता था। इन दिनों क्रिसमस व ठंड की छुट्टियां हो गई हैं। ऐसे में राजेश खेस्स अपनी पत्नी ईश्वरी 28 वर्ष के साथ शनिवार की दोपहर अंबिकापुर में बेटे शुभम को लेने पहुंचे थे। रात करीब 10.30 बजे तीनों बाइक से घर जाने के लिए निकल गए। इसी बीच शहर से करीब 15 किमी दूर अंबिकापुर-रायगढ़ नेशनल हाइवे पर रघुनाथपुर के जायसवाल होटल के सामने तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 13 यूजी 4617 ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सिर के बल सडक् पर जा गिरे। हादसे में राजेश व शुभम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी ने इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रात करीब 1.45 बजे दम तोड़ दिया।



## दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ एक्शन तेज, 175 की पहचान की गई

**नई दिल्ली,22दिसंबर।** बांग्लादेश में जारी हिंदुओं पर हिंसा के बीच दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ दिल्ली प्रशासन ने एक्शन तेज कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने ऐसे 175 बांग्लादेशी मुस्लिम नागरिकों की पहचान की है। ये लोग आउटर दिल्ली में रह रहे हैं। पुलिस की जांच में सामने आया है कि ये सभी बिना किसी लीगल डॉक्यूमेंट के यहां रह रहे थे। बता दें कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी मुस्लिम लगातार हिंदुओं के खिलाफ हिंसा कर रहे हैं। हिंदुओं के घरों और उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चुन-चुनकर निशाना बना रहे हैं। वहीं बंग्लादेश की कट्टरपंथी सरकार भारत के खिलाफ लगातार अनर्गल बयान दे रही है। इसे लेकर भारतीयों में गुस्सा है। भारतीय नागरिक मोदी सरकार से बंग्लादेश की सरकार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रही है। इसी कड़ी में दिल्ली में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों का पता लगाने के लिए गहन तलाशी और जानकारी एकत्र करने के लिए डिस्ट्रिक्ट फॉरेन सेल, स्पेशल यूनिट्स और पुलिस की टीमें गठित की गईं है। दिल्ली पुलिस ने ऐसे लोगों की पहचान करने, हिरासत में लेने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस ने ऑपरेशन के दौरान घर-घर जाकर जांच की। जांच में 175 लोग संदिग्ध पाए गए, उनसे गहन पूछताछ की गई है और उनके डॉक्यूमेंट्स की भी सावधानीपूर्वक जांच और वेरिफिकेशन किया जा रहा है। उनकी पहचान प्रमाणित करने के लिए टीमों को उनके मूल स्थानों पर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि इस तरह की सघन जांच जारी रहेगी. संदिग्धों के डॉक्यूमेंट्स की बारीकी से जांच की जाएगी। जांच के निष्कर्षों के आधार पर कानूनी प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।



## संभल में जमीन के नीचे मिली रानी की बावड़ी



**लखनऊ,22 दिसंबर।** उत्तर प्रदेश के संभल से एक और नई खबर सामने आ रही है। संभल के पास चंदौसी में राजस्व विभाग ने जमीन के नीचे खुदाई की है। इस खुदाई में जो सामने आया वो हैरान करने वाला है। इस खुदाई के बाद पुरे संभल में हड़कंप मच गया है क्योंकि यहां रानी की एक बावड़ी की खोज हुई है। ये बावड़ी विशालकाय है जिसकी खोज अब की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चंदौसी का लक्ष्मण गंज क्षेत्र 1857 से पहले हिंदू बाहुल्य इलाका माना जाता था। इस इलाके में बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोग रहा करते थे। मगर अब हिंदूओं की जगह इस इलाके में मुस्लिम बाहुल्य लोग रहते है। बता दें कि संभल में 46 साल पुराना मंदिर मिला है। डीएम को शिकायती पत्र दिया गया है। इस पत्र में कहा गया था कि लक्ष्मण गंज में पहले बिलारी की रानी की बावड़ी हुआ करती थी। पत्र मिलने के बाद डीएम ने जांच के आदेश दिए। इसी जांच के तहत शनिवार 21 दिसंबर को राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार धीरेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे थे। उनके पास एक नक्शा भी था, जिसके आधार पर खुदाई शुरु की गई। खुदाई में जमीन के नीचे एक प्राचीन इमारत निकली है। इस खुदाई में मिली इमारत को लेकर तहसीलदार ने आजतक को बताया कि खुदाई में जो इमारत मिली है वो दो मंजिला लग रही है। मौजूदा अभिलेखों के मुताबिक यहां बावड़ी, तालाब की जानकारी भी दी गई है। संभावना है कि यहां एक सुरंग भी हो। अभी बावड़ी की पूरी खुदाई की जाएगी, जिसमें संभावना है कि ये बड़ी हो सकती है। नक्शे को आधार बनाकर आगे भी कार्रवाई होगी।

## मुंबई से इंदौर आ रही बस में लगी आग, ड्राइवर की सूझबूझ से बची यात्रियों की जान



बड़वानी. मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को बालसमुंद बैरियर के समीप मुंबई से इंदौर जा रही बस में आग लग गई. चलती बस में डिस्क ब्रेक लगाने के दौरान अचानक आग लगी. वहीं पीछे धुआं उठता देख ड्राइवर ने बस को धीमा कर सड़क किनारे खड़ा किया. इस दौरान यात्रियों में अफरा तफरी मच गई. बस उतरकर तो किसी खिड़की से कूदकर जान बचाई. ड्राइवर कंडक्टर ने यात्रियों को सकुशल बस से उतारा. मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर फाइटर की मदद से बस की आग पर काबू पाया. पुलिस के अनुसार घटना में कोई जनहानि नहीं हुई. यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया गया है.

## संक्षेप

### मॉर्निंग वॉक पर निकले दो दोस्तों को दुग्ध वाहन ने लिया चपेट में,दोनों की मौत

**बालोद,22 दिसंबर।** जिले के पेरपार गांव में आज सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों को अमूल दुग्ध की गाड़ी ने चपेट में ले लिया. दर्दनाक हादस में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. घटना गुरुर थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, आज सुबह दुग्ध गाड़ी ने दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है. हादसा कोहरे की वजह से हुआ है. हादसे में 55 वर्षीय उदय राम पटेल की मौत हो गई. वहीं घायल व्यक्ति राजकुमार को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. पुलिस जांच में जुट गई है.

### बोलेरो घुसी ग्रामीण के घर, एक की मौत

**सूरजपुर,22 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में आज सुबह-सुबह एक भीषण हादसा हो गया. यहां चांदनी थाना क्षेत्र के कुबेरपुर गांव से गुजर रही बोलेरो अचानक अनियंत्रित हो गई और एक ग्रामीण के घर में जा घुसी. इस घटना में घर के अंदर बैठी एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच में बोलेरो वाहन से शराब, अवैध मादक पदार्थ और रुपए बरामद किए. पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि वाहन में सवार चार अन्य युवक मौके से फरार हो गए हैं. पुलिस ने घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मर्ग कायम कर मृत महिला के शव को पीएम के लिए रवाना कर घटना की जांच में जुट गई है. बताया जा रहा है कि बोलेरो वाहन मध्यप्रदेश का है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है.

### संसद धक्का-मुक्की कांड की जांच 7सदस्यों की टीम करेगी

**नई दिल्ली,22 दिसंबर।** संसद में हुए धक्का-मुक्की मामले की जांच अब गति पकड़ने लगी है. इस मामले को पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया है. इसकी जांच अब क्राइम ब्रांच की चाणक्यपुरी स्थित ISC यूनिट करेगी. संसद परिसर में हुई ''धक्का-मुक्की'' की जांच अब तेज हो गई है. दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया है जो सात सदस्यों की होगी. पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को यह मामला ट्रांसफर कर दिया था.

### धान डंप करने जा रहे ट्रक में आग

रायगढ़,22 दिसंबर। सरकारी तरकेला उपज मंडी से धान डंप करने जा रहे ट्रक में सहदेवपाली के पास अचानक आग लग गई , जानकारी मिलते ही नगर सेना के जवानों समेत तीन फायर ब्रिगेड पहुंची मौके पर मौजूद। बात दे इस घटना में धान जलकर खाक हो गया है ।

### मुख्यमंत्री के सचिव बनाए गए मुकेश बंसल, अमित कटारिया को स्वास्थ्य का जिम्मा

**रायपुर,22 दिसंबर।** सीएम सचिवालय में सुबोध सिंह की नियुक्ति के बाद सरकार ने आज एक और अहम नियुक्ति की है. वित्त सचिव मुकेश बंसल को मुख्यमंत्री का सचिव नियुक्त किया गया है. बंसल अपने वर्तमान दायित्वों के साथ नई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे. सुबोध सिंह के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव बनाया गया था. अब सचिव के रूप में मुकेश बंसल की नियुक्ति हुई है. इससे पहले सीएम सचिवालय में राहुल भगत, पी दयानंद और बसव राजू मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में कार्यरत हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुबोध सिंह और मुकेश बंसल की नियुक्ति करते हुए अपने सचिवालय को मजबूत कर लिया है.

# नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने की दिशा में करें सकारात्मक प्रयास:पुनीत चौबे

**भिलाई, 22 दिसंबर।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा बुधवार 18 दिसंबर ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के प्राध्यापक डॉ देबाशीष सान्याल एवं भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक श्रीमती बोन्या मुखर्जी थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे थे। अतिथि वक्ता प्रोफेसर देबाशीष सान्याल ने हरित आवास एवं आवासीय क्षेत्र में सतत जीवन हेतु ऊर्जा दक्षता विषय पर अपना उद्बोधन दिया। डॉ देबाशीष सान्याल ने अपने प्रस्तुतिकरण के प्रारंभ में कहा कि उद्योग जगत और आवासीय क्षेत्र विश्व की ऊर्जा खपत के



दो प्रमुख क्षेत्र हैं इसलिए आवासीय क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता एक अत्यंत महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने ग्रीन बिल्डिंग तकनीक के माध्यम से आवासीय भवनों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के उपायों की चर्चा की। अतिथि वक्ता श्रीमती बोन्या मुखर्जी, महाप्रबंधक सेल भिलाई इस्पात संयंत्र ने ऊर्जा, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर अपने प्रस्तुतीकरण का आरंभ मानवता के आरम्भ में ऊर्जा के प्रथम कारक अग्नि और उसकी मानव जाति के अस्तित्व को बढ़ाने में रही भूमिका से किया। उन्होंने कहा कि अग्नि के माध्यम से प्रारंभिक मनुष्यो ने पका हुआ भोजन बनाया जो आसानी से पच सकता था, औजार बनाए, हथियार बनाए जो उस काल में उनकी प्रगति और सुरक्षा के लिए आवश्यक थे। श्रीमती बोन्या मुखर्जी ने तीसरी औद्योगिक क्रांति जिसमें कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स की शुरुआत और न्यूक्लियर ऊर्जा के उपयोग से मानव सभ्यता की विकास यात्रा में हुए परिवर्तन की जानकारी दी। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण का मतलब ऊर्जा के उपयोग को कम करना नहीं है अपितु उसको अनुकूल और जरूरत अनुसार उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण की दिशा में हम ऊर्जा के अपव्यय को रोकें और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करें। संस्था के मानसेवी सचिव बसंत साहू ने स्वागत भाषण में कहा कि ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता और इस दिशा में किया जा प्रयासों के बारे में जानकारी साझा करने हेतु यह परिचर्चा आयोजित की गई है। इस अवसर पर संस्था के सम्मानित सदस्यगण, भिलाई इस्पात संयंत्र, राज्य शासन, एन टी पी सी के अधिकारी, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर, बी आई टी, रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज, दुर्ग पॉलीटेक्निक के संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे।

## एक नजर

### पेट्रोल पंप में 28 हजार की लूट

**भिलाई, 22 दिसंबर।** भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत आधी रात एक्टिवा और बाइक लेकर पेट्रोल भरवाने पंप पहुंचे चार नकाबपोश युवकों ने कैशियर व ऑफिस स्टॉफसे एयर गन और चाकू की नोक पर 28 हजार कैश और दो मोबाइल लूट कर ले भागे घटना की सूचना पर नंदिनी पुलिस ने चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 309;6द्ध के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में ली है नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि मेडेसरा स्थित बोथरा पेट्रोल पंप के कैशियर छत्रपाल साहू ;18 वर्षद्ध निवासी पथरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह और गोपाल साहू पेट्रोल पंप में डयूटी पर थे। शुक्रवार की रात्रि 10 बजे पेट्रोल पंप को बंद कर पेट्रोल पंप में स्थित ऑफिस में वे लोग सो रहे थेए तभी रात्रि पौने 1 बजे के लगभग पेट्रोल पंप में एक एक्टिवा और आइक से 4 लड़के जिनकी उम्र 25 से 30 साल के मध्य होगीए आए उनमें से 2 लड़के जो बाइक पर सवार थेए ऑफिस के पास आवाज दिए कैशियर और गोपाल उठकर ऑफिस का गेट खोले तो उन्होंने इमरजेंसी कहकर पेट्रोल गाड़ी में डालने कहा जब

मारपीट करने लगे गोपाल ने बताया कि पेट्रोल पंप बंद हो चुका है वो पेट्रोल नहीं दे सकते तो दोनों लड़के गाली देने लगे। इसमें से एक युवक चड्डा पहना थाए उसके चेहरे पर गमछा बंधा हुआ था। दूसरा लड़का दुबला पतला तथा छोटा कद काठी का था तथा मंकी कैप लगाया हुआ था। दोनों धमकाने लगे कि तुम पेट्रोल नहीं दे रहे हो तो रूपए दो विरोध करने पर दोनों लड़के हाथ मुक्का व डंडा से लगे अपने पास रखे चाकू से छत्रपाल और गोपाल को एयर गन दिखा डरा धमका कर ऑफिस में रखे आलमारी के लाकर को तोड़ कर 28 हजार कैश तथा जेब से मोबाइल फोन निकालकर अपने साथ ले गए। उनके साथ आए 2 अन्य लड़के ऑफिस के बाहर ही खडे थे। मारपीट करने से छत्रपाल के पैरए हाथ तथा चेहरे में चोट आई है आरोपियों के भागने के बाद छत्रपाल ने घटना की जानकारी पेट्रोल पंप के मैनेजर गुलाब सोनी को दी और उसने मालिक रजनीश शर्मा को फोन कर बताया सभी देर रात नंदिनी थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस टीम आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है ॥

### 300 पौवा शराब सहित कोचिया गिरफ्तार



**भिलाई, 22 दिसंबर।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र में एक शराब कोचिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है आरोपित एक बोरी में शराब रखकर उसे स्कूटी से लेकर जा रहा था आरोपित हेमंत कुमार साहू से 300 पौव्वा देसी प्लेन शराब जब्त की गई है आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि अर्जुन नगर कैंप- एक निवासी 28 वर्षीय आरोपित हेमंत कुमार साहू को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है पुलिस रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रही थी इसी दौरान पुलिस ने आरोपित को स्कूटी से घूमते हुए रोका पुलिस को देखते ही वह हड़बड़ाने लगा ।

### युवती ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 22 दिसंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र एक युवती ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली बताया जाता है कि युवती केयर टेकर का काम करती थी आत्महत्या के कारण अज्ञात है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही हैस्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि कातुलबोर्ड में किराए के मकान में रहने वाली सुनीता हरपाल पिता श्याम हरपाल (18 साल) ने शनिवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद लाश को मरचुरी भेजा पुलिस के अनुसार मृतका केयर टेकर का काम करती थी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।

### संयंत्र में कार्य कौशल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया गया



**भिलाई, 22 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए अधिशासी निदेशक संकार्य एवं कार्य कौशल प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिनों 11 ट्रेडों में किया गया था। जिसका पुरस्कार वितरण समारोह 20 दिसंबर को ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी ने 65 प्रतिभाओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के लिये पुरस्कार दिए गए।



## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा अनंत ने ग्राम पंचायत खरिया में नव निर्मित सतनाम भवन का लोकार्पण किया

**कवर्धा, 22 दिसंबर।** बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत मुख्यालय खरिया में नव निर्मित सतनाम भवन ( सामुदायिक भवन) का लोकार्पण पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत के द्वारा किया गया। श्रीमती सीमा अगम अनंत ने बताया की पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा सतनाम भवन निर्माण सौगात दी गई थी जो की आज बनकर तैयार हो गया है । गांव में ओर समाज में हर्ष व्याप्त है । उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच धन सिंह धुर्वे , उप सरपंच दशरथ साहू , ग्राम के पंच कला राम , गहरू राम , दुलारी राम, पंच राम , टीका राम , भुवनेश्वर , दलीचंद , अनिल कुमार , मना राम नंद राम , लेख राम , राजकुमार , भगवानी राम , लक्ष्मी कांत , कुंजराम , राजू कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष बने शीतला ठाकुर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 22 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचन अधिकारी के द्वारा भाजपा उतई मंडल के अध्यक्ष की घोषणा कर दी गई है।भाजपा ने इस बार मंडल अध्यक्ष कि जिम्मेदारी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर को सौंपी हैं।शीतल ठाकुर 2006 से लगातार भाजपा का कार्य कर मंडल और जिला में विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं।मंडल अध्यक्ष की घोषणा होते सभी कार्यकर्त्ताओं में जश्न जिला भाजपा कार्यालय में हुआ मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर कि घोषणा इस अवसर पर जिला प्रभारी राजवी अग्रवाल,जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा,विधायक ललित चंद्राकर,पूर्व मंत्री रमशीला साहू,जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन,जिला मंत्री रोहित साहू,महामंत्री सुरेंद्र कौशिक,मंडल चुनाव प्रभारी दिलीप साहू,मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,महामंत्री सोनू राजपूत,पुकेश चंद्राकर, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु,अमित चंद्राकर,फलेंद्र राजपूत, भाजयुमों महामंत्री करन सेन,शुभम वर्मा,पार्षद सतीश चंद्राकर, रूपेश पारख,नरेंद्र साहू,चंदु देवांगन,घनशयाम चंद्राकर,भीष्म देवांगन,बृजमोहन साहू,डॉ अनिल साहू,देवेंद्र राजपूत, राजेश चंद्राकर,अजीत चंद्राकर, दानेश्वर यादव,सुलेन्द्र निर्मलकर,प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

## भाजपा भिलाई के तेरह में से 10 मंडलों के अध्यक्ष घोषित

**भिलाई, 22 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला के 10 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। जिला चुनाव अधिकारी गौरीशंकर अग्रवाल ने भिलाई जिला के 13 में से 10 मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। वहीं शेष तीन मंडल अध्यक्षों की घोषणा भी जल्द करने की बात कही गई है। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई जिला के 13 में से 10 मंडल अध्यक्षों पर सहमति बनने के बाद उनके नामों की घोषणा कर दी गई है। सुपेला मंडल अध्यक्ष दीपक भोंडेकर, वैशाली नगर मंडल अध्यक्ष शशि भगत, कैम्प मंडल अध्यक्ष तरूण सिन्हा, खुर्सीपार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर, भिलाई-3 मंडल अध्यक्ष वरूण यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित साहू व पश्चिम मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी को नियुक्त किया गया है।



## पारसमणि ने पौधा लगा कर जन्मदिन मनाया

**उतई, 22 दिसंबर।** पौधा रोपण कर अपने जन्मदिन मनाया परसमनी ने वैवाहिक ग्रुप के संचालक मण्डल प्रदेश युवा प्रकोष्ठ सचिव समाज में सक्रिय भूमिका निभाने वाले समाज सेवी पाटन राज के होनहार पारसमणी पटेल ने अपने विगत कई वर्षों से अपने जन्मदिन पर पौधा रोपण कर मना रहे है और उन्हें सहजने के लिए प्रयत्न शील रहते है ।साथ ही साथ शादी साल गिरह में पौधा भेट कर शुभकामनाएं प्रेषित करते है।जिससे लोगो में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आ सके।

# 75 किमी बाइक रैली निकालकर 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए लोगों को दिया आमंत्रण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 22 दिसंबर।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया व गायत्री परिवार भिलाई-दुर्ग उपजोन के नेतृत्व में गायत्री प्रज्ञापीठ कोड़िया में 25 से 28 दिसम्बर को आयोजित राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने विशाल बाइक रैली निकालकर क्षेत्र के परिजनों को आमंत्रित किया गया। बाइक रैली प्रभारी रमाकांत साहू ने बताया शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होने जा रही है जिसकी तैयारी में पूरे क्षेत्र के लोग दिनरात जुटे हुए हैं। क्षेत्र के परिजनों को सक्रिय करने के साथ ग्रामीणों और नगरवासियों को आमंत्रित करने लगभग 75 किमी का विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली की शुरुआत कोड़िया गायत्री प्रज्ञापीठ में वैदिक मंत्रों से वाहन पूजन, स्वयंसेवकों का स्वागत एवं मशाल ध्वज दिखाकर लगभग लगभग 100 बाइक सवारों ने हनोदा, खम्हरिया, धनोरा, बोरसी, पोटिया, पुलगांव, कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, चंदखुरी भाठा, कुथरेल, अंडा,



जजंगिरी, रिसामा, चिरपोटी, कातरो, मातरोडीह, बोरीगारका, करगाडीह, उतई, पुरई, कोकड़ी, भानपुरी के गली-चौराहों में निमंत्रण देते हुए यज्ञ में शामिल होने निवेदन कियामीडिया प्रभारी आदित्य भारद्वाज और युवराज साहू ने बताया कि यज्ञ आयोजन करने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त निर्देशों के आधार पर युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है। प्रयाज के क्रम में अबतक 40 से ज्यादा गांव व वार्डों में प्रभातफेरी, 24 से ज्यादा गांवों व वार्डों में दीप महायज्ञ, गांव के 300 घरों में अन्नघट की स्थापना, 7000 से ज्यादा साहित्यों का वितरण, डेढ़ लाख गायत्री मंत्र लेखन हेतु पुस्तिका वितरण, 24 गांवों में दीवाल लेखन, पौधरोपण, स्कूली बच्चों की कार्यशाला, कार्यकर्ता गोष्ठी सहित अनेक गतिविधियां संचालित की जा चुकी है।बाइक रैली में गायत्री परिवार दुर्ग ब्लॉक समन्वयक डॉ एन के सिन्हा, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू, डॉ पी एल साव, अनीता साव, गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू, गोवर्धन साहू, युवराज साहू, हिमांशु साहू, जितेंद्र सोनी, आदित्य भारद्वाज, रवि साहू, ईशु साहू, चिरंजीव निषाद, टेमन साहू, टोलेश्वर साहू, भेषराम, सोनू निषाद, राज निषाद, नितिन गुप्ता, गिरधर साहू, राजेश साहू, तुलाराम साहू, मन्नू लाल साहू, नरेश वर्मा, हेमंत साहू, नरेंद्र साहू, नरेश साहू, गौरव, सागर साहू, निखिल साहू, प्रेरणा साहू, आरती निषाद, गीतांजलि, यामिनी, दिव्या, रोशन साहू, हिमांशु भारद्वाज सहित क्षेत्र के विभिन्न गांव के युवा गायत्री परिजन विशेष रूप से उपस्थित थे।



## जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण ने मंडल अध्यक्ष का सम्मान किया

**कवर्धा, 22 दिसंबर।** सहसपुर लोहारा मंडल लाला राम साहू और रणवीर पुर मंडल अध्यक्ष नरेश साहू को जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया ।



## ईएमडी ने लोगों को जागरूक करने क्विज क्वेस्ट आन का आयोजन किया

भिलाई, 22 दिसंबर। बीएसपी में मनाए जा रहे पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत, ऊर्जा प्रबंधन विभाग (ईएमडी) ने पर्यावरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों के अंतर्गत 30 नवंबर 2024 को एक क्विज कार्यक्रम क्वेस्ट-ऑन का आयोजन किया। वरिष्ठ प्रबंधक ऐमन अली और प्रबंधक हिमांशु वर्मा ने इस क्विज कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव और मुख्य महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति मौजूद थे। साथ ही विशेष रूप से उपस्थित अतिथियों में महाप्रबंधक संजय, महाप्रबंधक प्रभारी सी चंद्रशेखर और महाप्रबंधक अजय गजघाटे शामिल थे।



## दल्ली माइंस ने जीता 15वां कलिंगा सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार

**भिलाई, 22 दिसंबर।** सेल की दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस, भिलाई इस्पात संयंत्र ने प्लेटिनम श्रेणी में प्रतिष्ठित 15वां कलिंगा सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार - 2023 जीता, जो लौह अयस्क खनन के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार है। 18 दिसंबर 2024 को भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा कॉन्क्लेव - 2024 में, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरि और मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार ने बीएसपी की दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस के लिए यह पुरस्कार प्राप्त किया। ओडिशा के माननीय उप मुख्यमंत्री और कृषि और किसान सशक्तिकरण, ऊर्जा मंत्री ओडिशा कनक वर्धन सिंहदेव ने किंगडम ऑफ लेस्पथो की उच्चायुक्त महामहिम श्रीमती लेबोहांग वैलेंटाइन मोचाबा की उपस्थिति में यह पुरस्कार प्रदान किया।

## बीएसपी के 570 कार्मिक एवं अधिकारी होंगे सम्मानित

**भिलाई, 22 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नेहरू अवार्ड 23 दिसम्बर 2024 को संयंत्र के कुल 570 कर्मचारियों को नेहरू सांस्कृतिक सदन सेक्टर- 1 में संध्या 5 बजे सम्मानित किया जायेगा। जिसके अंतर्गत अधिकारियों और कार्मिकों को क्रमशः जवाहर पुरस्कार, नेहरू पुरस्कार और कार्मिकों व अधिकारियों को सामूहिक रूप से जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी के बनने से कार्यकर्ताओं में हर्ष

**कवर्धा, 22 दिसंबर।** पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी के बनने से कार्यकर्ताओं में



खुशी की लहर दिखी । संगठन में विभिन पदों पर कार्य करने का अनुभव भी है और निष्ठावान और ईमानदार कार्यकता के रूप में अच्छा कार्य करने का ईनाम मिला है । तरुण छत्तीसगढ़ के प्राथमिकता के सवाल पर पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने कहा की संगठन को मजबूती करना और बीजेपी का जनाधार बढ़ाना साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक अच्छे से पहुंचे इस पर विशेष ध्यान देना ।

## निधन

### शैलबाला त्रिवेदी

**भिलाई, 22 दिसंबर।**



तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी निवासी एवं छत्तीसगढ़ शासन के सिंचाई विभाग में सेवारत रहे स्व. रामसुमिरन त्रिवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती शैलबाला त्रिवेदी अपनी सुदीर्घ जीवन-यात्रा पूर्ण कर 15 दिसंबर को पंचतत्व में विलीन हो गयीं। आप शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में न्यूरोसर्जरी के प्रोफेसर एवं देश के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. आदर्श त्रिवेदी, इंजीनियर आलोक त्रिवेदी, डॉ आदित्य त्रिवेदी एवं श्रीमती आशीष शुक्ला की की माताश्री थीं। चिकित्सा बिरादरी सहित सामाजिक लोगों ने दिवंगत श्रीमती शैलबाला त्रिवेदी को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने कुछ ही घंटों में पकड़ा

भिलाई, 22 दिसंबर। भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र में हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को चंद घंटे के भीतर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक नग कटर बरामद किया है सूरज बंजारे ; 22 वर्ष निवासी राजीव नगर जैतखाम के पास मुस्लिम कब्रिस्तान के सामने वैशाली नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 दिसंबर को रात्रि 9 बजे के आसपास राजीव नगर जैतखाम के पास खड़ा था। उसी समय थानु यादव और कालू सरदार दोनों ने आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर पीड़ित को गाली गलौज कर जान से मारने



की नियत से थानु यादव ने धारदार वस्तु से हाथ के अंगुठे में तथा कालू सरदार उर्फ विकास सिंह ने पत्थर से मारपीट करने की।रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में धारा 296ए 115;2द्धए 351;2द्धए 118;1द्धए 109 बीएनएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने कालू सरदार उर्फ विकास 26 वर्ष द्ध निवासी रामनगर आजाद चौक चौधरी खटाल के पास वार्ड क्र0.16 थाना वैशाली नगर को पकड़ा गया।आरोपी के कब्जे से एक नग कटर बरामद किया गया। जिससे घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में हत्या का अपराध पंजीबद्ध है धारदार चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि प्रार्थी थानू यादव ;20 वर्ष निवासी शास्त्री नगर कैम्प.1 मेहमान कोलडिपो के पास थाना छावनी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 दिसंबर की रात 9 बजे कब्रिस्तान के पास प्रार्थी और कालु सरदार दोनो खड़े थे।उसी दौरान दाउ उर्फ सुरज बंजारे आया और पुराने बातो को लेकर गंदी गंदी गाली देकर हत्या करने की नियत से अपने पास रखे धारदार चीज से प्रार्थी के बाये गाल के उपर मार दिया जिससे प्रार्थी जान बचाकर किसी तरह घर की ओर भागा। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में आरोपी सूरज बंजारे 22 वर्ष निवासी राजीव नगर जैतखाम के पास मुस्लिम कब्रिस्तान के सामने वैशाली नगर को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक नग कटर बरामद किया गया

# आदिवासी क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 22 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन एवं केंद्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न उत्कृष्ट एवं आवासीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, एकलव्य, सैनिक स्कूल, प्रयास, जवाहर उत्कर्ष, क्रीड़ा, शालाओ में प्रवेश हेतु संकुल कोहका कंदाड़ी में अध्ययनरत कक्षा5वी के लगभग 95 बच्चों एवं कक्षा 8 वी के 65 बच्चों के लिए संकुल के ऊर्जावान एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के संयुक्त तत्वाधान में संकुल स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ संकुल स्त्रोत केंद्र कंदाड़ी में किया गया।

निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत संकुल प्राचार्य एन आर नेताम प्रिंसिपल कंदाड़ी, संकुल समन्वयक कोहका कंदाड़ी किशोर कुमार साहू एवं माध्यमिक शाला कंदाड़ी प्रधान पाठक अशोक जुरेशिया के हाथों संपन्न हुआ। संकुल कोहका-कंदाड़ी के अंतर्गत आने वाले 18 माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओ में नियमित रूप से सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु शाला स्तर पर तैयारी की जा रही थी। प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा दिनाँक नजदीक आने पर विषय विशेषज्ञों शिक्षकों की मदद से शीतकालीन अवकाश में लगातार एवं शीतकालीन अवकाश पश्चात बच्चों को प्रति दिवस 1-2 घंटे सिलेबस एवं बच्चों को परीक्षा में होने वाली कठिनाई से दूर करने हेतु अभ्यास कराया जाएगा। बच्चों को साप्ताहिक टेस्ट ओएमआर शीट पर लिया जा रहा है। बच्चों के स्तर अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं नवीन पैटर्न अनुसार प्रश्नों का संग्रह कर बच्चों में समझ विकसित किया जा रहा है।।



संकुल स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा निःशुल्क कोचिंग हेतु संकुल के ऊर्जावान शिक्षक, रामधीन भुवार्य, संदीप मोटघरे, बृजेश सिंह, अमर सलामे, रंजीत ठाकुर, सुश्री आरती धुव, सुश्री माधुरी कोलियरे, आदि का सहयोग के पात्र हैं।। आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पटेल जामडी, शिक्षक/लेख राम ठाकुर, डीके धुर्वे, ग्रामीण एवं पालक गण शामिल हुये। इस प्रतियोगिता परीक्षा हेतु संचालित निःशुल्क कोचिंग के मार्गदर्शन आदरणीय जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेलाल कोसरिया विकास खंड शिक्षा अधिकारी, ए आर कौर, सहायक विकासखंड अधिकारी अरुण मरकाम, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सुश्री जाहिदा खान के सफल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है।।यह जानकारी संकुल समन्वयक कोहका-कंदाड़ी किशोर कुमार साहू ने दी।

## समाचार संक्षेप

### चारभांठा में किसान संगोष्ठी व जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन




**डोंगरगढ़, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ संवाददाता)।** 21 दिसंबर को सरकार की 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत बागरेकसा सेक्टर के चारभांठा में किसान संगोष्ठी व खण्ड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महिला बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं की को विष्णु की पाती का वितरण, महिलाओं की कुर्सी दौड़ एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान और बाल विवाह प्रतिषेध शपथ, घरेलू हिंसा, मासिक धर्म स्वच्छता समानता के अधिकार के संबंध मे विभागीय जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रामक्षत्री चंद्रवंशी, सरपंच चारभांठा मनोज कोर्राम, सचिव बालकिशन चंद्रवंशी, उप सरपंच, पंच व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी पर्यवेक्षक लक्ष्मी सोनकर, सुभद्रा राणे, सुश्री अहिल्या तुलावी, नवा बिहान की महिलाएं व ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ सभी प्रतियोगियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया महतारी वंदन से लाभान्वित महिलाओं द्वारा योजना के लिए विष्णुदेव साय सरकार को धन्यवाद दिया गया।

### यातायात पुलिस ने किया जब्त 102 मॉडिफाइड सायलेंसरों को नष्ट



**राजनांदगांव, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात स्टॉफ द्वारा लगातार बुलेट वाहन चालक द्वारा मॉडिफाईड सायलेंसर लगाकर फटाके जैसे आवाज निकाल कर ध्वनि प्रदूषण करने वाले 102 वाहनों का सायलेंसर जप्त कर 08 वाहन चालकों का ईश्तगाशा तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं शेष वाहन चालकों का मौके पर कार्यवाही कर दोबारा मॉडिफाईड सायलेंसर नही लगाने समझाईश दिया गया। अभियान में जप्त मॉडिफाईड सायलेंसर को रोड रोलर चलाकर नष्टीकरण किया गया। मॉडिफाईड सायलेंसर लगाकर वाहन चलाते पाये जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जायेगा। यातायात पुलिस की सभी बुलेट वाहन चालकों से अपील है कि अपनी कंपनी से लगी हुई सायलेंसर लगाकर ही चलावें। यातायात नियमों का पालन करें एवं ध्वनि प्रदूषण कर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी बने।

## एक नजर

### राजा खुज्जी में भागवत महापुराण 25 दिसंबर से

**डोंगरगांव, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 25 दिसम्बर से स्व. होरी लाल पंसारी की स्मृति में पंसारी परिवार के द्वारा मद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन रखा गया है, कथा वाचक पंडित लक्ष्मी कांत तिवारी रायपुर एवं परायण कर्ता पंडित राजेश तिवारी होंगे, दिनांक 25 दिसंबर को कलश यात्रा वेदी पूजन गो कर्ण कथा, दिनांक 26 को परीक्षित जन्म वराह अवतार की कथा, दिनांक 27 को ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र की कथा, दिनांक 28 को वामन अवतार गजेंद्र मोक्ष की कथा दिनांक 29 को राम जन्म कृष्ण जन्म की कथा, दिनांक 30 को रुक्मणी विवाह, दिनांक 31 को सुदामा चरित्र की कथा। 1 जनवरी को भागवत स्वधाम गमन परीक्षित मोक्ष के साथ भागवत चढ़ोत्रि एवं 2 जनवरी को 2 जनवरी को तुलसी वर्षा गीता हवन भागवत विश्राम सहस्त्र धारा शोभा यात्रा एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का समापन होगा आयोजक परिवार ने कथा प्रेमी एवं भक्तजनों को इस आयोजन में पधार कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



### जिपं सीईओ ने कोपेडीह, मचानपार एवं तुमड़ीबोड़ का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत कोपेडीह, मचानपार एवं तुमड़ीबोड़ आकस्मिक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ एवं कोपेडीह का कार्यालय बंद पाये जाने और ग्राम पंचायत मचानपार के कार्यालय में सचिव द्वारा अभिलेखों का संधारण नियमित नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने रिकार्ड संधारण नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम में साफ-सफाई एवं स्वच्छता प्रति ग्रामीणों को जागरूक रहने के लिए कहा। सीईओ जिला पंचायत ने छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के तहत अनुपस्थित रहने एवं रिकार्ड संधारण नियमित नहीं पाए जाने पर ग्राम पंचायत कोपेडीह, तुमड़ीबोड़ एवं मचानपार के सचिवों को कारण बताओ नोटिस किया। इस दौरान उप संचालक पंचायत देवेन्द कुमार कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आयुक्त ने किया आश्रय स्थल (रैन बसेरा) का निरीक्षण

# बढ़ती ठंड को देखते हुये आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त करें अधिकारी-कर्मचारी : विश्वकर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 22 दिसम्बर।** निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा कल शाम पुराना विश्राम गृह के पास निगम द्वारा निर्मित आश्रय स्थल (रैन बसेरा) का निरीक्षण कर प्रभारी से जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने बाहर से आये लोगो से रूबरू हो व्यवस्था के संबंध में चर्चा किये।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त विश्वकर्मा आश्रय स्थल की सुविधाओं के संबंध में प्रभारी तारकेश्वरी देवांगन से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ठंड बढ़ती जा रही है, जिसे ध्यान में रखते हुये सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने प्रतिदिन आने जाने वाले रहवासियों की जानकारी लेकर रजिस्टर जॉच किये। प्रभारी देवांगन ने बताया कि 25 से 30 व्यक्ति रूके हुये है, जिनसे 30 रूपये प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से शुल्क लिया जाता है, उनके द्वारा खाना स्वयं तैयार किया जाता है। रहवासियो से परिचया पत्र जमा कराकर रजिस्टर में इंद्राज किया जाता है। नौकरी के लिये भर्ती हेतु आये युवक एवं युवती भी आकर रूकते है, जिन्हें महिला पुरूष अलग अलग ठहराया जाता है।प्रभारी ने शौचालय आउट लेट सफाई व मरम्मत तथा रंग रोगन कराने आयुक्त से निवेदन की।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बाहर से रूके लोगो से रूबरू हो व्यवस्था के संबंध मे चर्चा किये, उन्होंने बताया कि हम विगत 3-4 वर्षो से छोटा मोटा व्यापार करने आते है, और निर्धारित शुल्क देकर यहा रहते है, यहा की व्यवस्था बहुत अच्छी है, जिससे हमे रहने में सुविधा होती है। आयुक्त ने प्रभारी से कहा कि हॉल में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था रखे, शौचालय, किचन तथा परिसर में पर्याप्त साफसफाई रखे, बाहर से आये रहवासी एवं स्थानीय रहवासी से नियमानुसार निर्धारित शुल्क लेकर उन्हें आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराये, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने प्रभारी तकनीकि अधिकारी से कहा कि शौचालय आउट लेट मरम्मत के अलावा रंग रोगन एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करे। परिसर में साफ सफाई के लिये उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि फ्लाई ओव्हर के नीचे रहने वाले लोगों को भी आश्रय स्थल में रहने प्रोत्साहित करे।

### धर-पकड अभियान, निगम की टीम ने पकड़े 8 आवारा मवेशी

**राजनांदगांव 22 दिसम्बर।** पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी निगम सीमाक्षेत्र के चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहने से यातायात बाधित होने एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी घातक है। क्योकि दुर्घटना से मवेशी घायल हो जाते है, कई मवेशियों की मृत्यु भी हो जाती है। दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकडा जाता है। अभियान के तहत आज चौक चौराहो में 8 घुमंतु एवं बैठे मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुॅचाया गया। इसके अलावा आमजनों द्वारा निदान 1100 में शिकायत करने पर 16 मवेशी पकड़ कन्हारपुरी कांजी हाउस पहुॅचाया गया। मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने उपायुक्त मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम की गठित टीम द्वारा मेवशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, उनपर अब अर्थदण्ड अधिरोपित कर मवेशी छोडने की कार्यवाही की जाती है। इस संबंध में गोकुल नगर वासियों की बैठक लेकर मवेशी सडक में नही छोडने समझाईस दी गयी थी। नगर निगम की घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही के तहत नंदई, इंदिरा नगर, बसंतपुर, कौरिनभाठा, आम्बेडकर चौक से 8 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है। इसी प्रकार निदान 1100 में आमजनों द्वारा किये गये शिकायत के आधार पर गंज मण्डी, महेश नगर, सृष्टि कालोनी, लालबाग, वर्धमान नगर तथा लखोली क्षेत्र से 16 मवेशी पकड कन्हारपुरी काजी हाउस में रखा गया है, जहॉ से उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जायेगा। आयुक्त विश्वकर्मा ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिको से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में इदं नमम् स्वाहा की गूंज, यज्ञ धूम्र से महका पूरा वातावरण

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदमाता गायत्री, सावित्री व कुंडलिनी शक्ति पुनः प्रतिष्ठित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 22 दिसम्बर।** नव साज- सज्जा व नए कलेवर से युक्त गायत्री शक्तिपीठ में आज वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच हर्षोल्लास के साथ वेद माता गायत्री, मां सावित्री व कुंडलिनी शक्ति की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान 24 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मी जनों ने इदं नमम् स्वाहा ध्वनि के साथ यज्ञाहूति प्रदान की। इस दौरान पूरा माहौल वैदिक मन्त्रों की गूंज से गुंजायमान हो उठा वहीं महायज्ञ की धुम्र से पूरा वातावरण महक उठा।

बता दें कि अ0भा0गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य गुरुदेव राम शर्मा आचार्य द्वारा आज से 60 वर्ष पूर्व 21 दिसंबर को स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में स्वयं अपने हाथों से वेदमाता गायत्री, सावित्री व कुंडलिनी शक्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। उक्त मंदिर के पुनर्निर्माण होने उपरांत शक्तिपीठ द्वारा 4 दिवसीय भव्य आयोजन कर वेदमाता गायत्री प्रतिमाओं की पुनः प्राण प्रतिष्ठा की गई। मां गायत्री पुनर्प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर महापौर दम्पत्ति हेमा सुदेश देशमुख, सूर्यकांत चितलांग्या, बृजकिशोर सुरजन, भोला डागा, जयंती भाई पटेल, तरणदीप अरोरा, किसन खंडेलवाल, नरेंद्र लोहिया, विजय हरिहारणों, नंदकिशोर खंडेलवाल सालिगराम, मुरलीधर चौधरी, डा0 दुलेश्वर, अशोक खंडेलवाल, वर्षा अग्रवाल, विजय कौशिक, हिरेन ठक्कर, हरिश गांधी, भाई ओमप्रकाश, जय प्रकाश देवशरण आदि सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मियों की उपस्थिति बनी रही। गायत्री शक्तिपीठ में वेदमाता गायत्री पूनर्प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर दो दिनों तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में लोगों ने यज्ञाहूति प्रदान की। आयोजन के संचालन के लिए हरिद्वार से आई टोली के प्रमुख शेष देव, शक्ति सिंह, मनीष साहू, अलंकार आदि द्वारा यज्ञ -हवन के बीच वैदिक मन्त्रोंच्चार की धूम बनी रही। इस दौरान शक्तिपीठ के पुरोहित भाई सुखनंदन, टीकेंद्र ठाकुर कृपाराम, ब्रह्मानंद आदि द्वारा यज्ञोपवीत, गर्भाधान, पूंसवन, नामकरण, विद्यारंभ आदि विभिन्न संस्कार भी संपन्न कराए गए। उपरोक्त त्रि- दिवसीय अनुष्ठानिक आयोजन में आगत सभी परिजनों के लिए माहेश्वरी महिला मंडल की अलका सुरजन, दीपा बागड़ी, अनिता चितलांग्या, द्वारा माहेश्वरी भवन में भोजन महाप्रसादी व्यवस्था में सहयोग किया गया।

### सरकार की एक साल की उपलब्धियों पर आधारित पाम्पलेट का वितरण

**राजनांदगांव 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा नया कृषि उपज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग की पत्रिका सुशासन के नवीन आयाम, उदित छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ सरकार की एक साल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर आधारित पाम्पलेट का निःशुल्क वितरण किसानों एवं आम नागरिकों को किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव की कौशिल्या सोनी ने शासन की महतारी सदन योजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बन जाने से महिलाओं को सुविधा मिलेगी। ग्राम धामनसरा से आए किसान नम्मूराम पटेल ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के संबंध में जनसम्पर्क विभाग की टीम से जानकारी ली। ग्राम हल्दी से आए किसान पंकज साहू, ग्राम बोधिपार के किसान मंशाराम, ग्राम धामनसरा के किसान जितेन्द्र पटेल ने छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल के महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर आधारित पाम्पलेट की प्रशंसा की।

### यादव व साहू समाज के भवन सहित कई निर्माण कार्यों का झिटिया में लोकार्पण



**डोंगरगांव, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधायक दलेश्वर साहू द्वारा गत कार्यकाल मे पिछड़ावर्ग वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष रहते हुए अनेको निर्माण की स्वीकृती दिलाए थे जो बनकर तैयार हो गया है उन निर्माण कार्यो का लगातार लोकार्पण कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम मे डोंगरगांव विकास खंड के ग्राम दिवान झिटिया मे साहू समाज, यादव समाज का भवन, माता मंदिर भवन, मंच निर्माण कार्य आदि का लोकार्पण विधायक दलेश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता टिकेश साहू ने की विशेष अतिथी जनपद सदस्य सुश्री मिनाक्षी देशलहरे, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री-अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू थे। विधायक दलेश्वर साहू के ग्राम आगमन पर यादव समाज द्वारा राउत नाच से स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया, तत्पश्चात विधिवत पूजा अर्चना कर, सामाजिक भवन व अन्य विकास कार्यो का लोकार्पण किया गया। स्कूली बच्चो ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण किए। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू ने आश्वस्त किया कि विपक्ष के विधायक होने का एहसास क्षेत्र की जनता को होने नही दूंगा और बचे विकास कार्यो के लिए संघर्ष कर पैसो की व्यवस्था करेंगे। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने संबोधित करते हुए जनपद पंचायत के द्वारा कराए गए कार्यो का उल्लेख किया। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने सामाजिक गतिविधियो का उल्लेख करते हुए समाज को रचनात्मक दिशा मे कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम ग्राम साहू समाज के अध्यक्ष थनवार साहू व सरपंच राजू लाल यादव ने भी संबोधित किया।

### जनादेश परबः राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन

# सरकार किसानों के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध : मधुसूदन

- मुख्यमंत्री का संदेश विष्णु की पाती पाकर किसानों में खुशी
- किसानों की आय में वृद्धि के लिए फसल विविधीकरण एवं जैविक खेती को अपनाने की जरूरत : कलेक्टर अग्रवाल
- शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में 17 हजार से अधिक आवास निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 दिसम्बर।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा नया कृषि उपज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का संदेश विष्णु की पाती किसानों को दी गई, जिसे पाकर किसानों ने खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सासंद मधुसूदन यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत गीता साहू, कोमल सिंह राजपूत अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व सासंद मधुसूदन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसान हितैषी सरकार है और किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित करने के लिए कार्य कर रही है। हर वर्ष किसानों के लिए धान खरीदी के समर्थन मूल्य वृद्धि हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी योजनाओं से किसानों को साहूकार के चंगुल से निकालने लिए कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र का देश के सकल घरेलू उत्पाद में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान है। कृषि क्षेत्र के साथ ही मत्स्य पालन, बकरी पालन, दुग्ध उत्पादन जैसे कृषि क्षेत्र से जुड़े अन्य कार्य करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करने की आवश्यकता है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। किसानों के खाते में एकमुश्त बोनस की राशि सरकार द्वारा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए जिले में लगातार व्यवस्था बनाया जा रहा है और मिलर्स की स्वीकृति के पश्चात धान के उठाव में तेजी आयी है। सरकार द्वारा किसान के हित में निर्णय लिए जा रहे हैं और सरकार किसान के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसान आने वाले समय में बेहतरी के लिए कार्य करेगी। उन्होंने किसानों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ एवं हमारा देश कृषि प्रधान है और खेती-किसानी महत्वपूर्ण कार्य है। अधिकांश किसान खेती-किसानी के लिए मानसून पर निर्भर है। खेती के लिए जल की आपूर्ति के लिए स्वयं का साधन नहीं होने पर दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि खेती किसानी को अधिक फायदेमंद बनाने की जरूरत है। मानसून के दौरान बहुत बारिश होती है और पानी बहकर चला जाता है। बारिश के समय खेत के पानी को खेत में, गांव के पानी को गांव में रोकने की आवश्यकता है।

#### किसान सम्मेलन में तकनीकी व्याख्यान का आयोजन

किसान सम्मेलन अंतर्गत तकनीकी व्याख्यान में उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने पोषक अनाज, लघु धान्य फसलों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोषक अनाज बहुत सी बीमारियों को दूर करने में सहायक है तथा कैल्शियम, आयरन, कॉपर, जिंक जैसे पोषक तत्वों से भरपूर है। लीड बैंक मैनेजर मुनीष शर्मा ने बताया कि बैंक द्वारा किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रदान किया जा रहा है। किसान क्रेडिट योजना, सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मशरूम उत्पादन, मछली उत्पादन, डेयरी उत्पाद, प्रसंस्करण सहित विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण प्रदान किया जा रहा है। किसान जनधन योजना से जुड़े हुए हैं। उन्होंने सभी किसानों को अपना बीमा कराने के लिए आग्रह किया।

#### आर्गेनिक फूड प्लाजा, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन विभाग के लगाए गए स्टॉल

इस अवसर पर आर्गेनिक फूड प्लाजा के स्टॉल में लघु धान्य फसलों से बने पोषक तत्वों से भरपूर रागी, कोदो, कुटकी से बने उत्पाद एवं अन्य उत्पाद उपलब्ध रहे। आर्गेनिक फूड प्लाजा में रागी के लड्डू, बाजरा के लड्डू, सीताफल एवं जामुन के आईस्क्रीम, इडली, दोसा, बेल एवं अंबाडी शरबत उपलब्ध रहे। मत्स्य पालन विभाग के स्टॉल में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में किसानों को उद्यानिकी फसलों की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री का वितरण किया गया। इसी तरह विकासखंड स्तर पर सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया, कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़ एवं कृषि उपज मंडी डोंगरगांव के प्रांगण में एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कृषि किसान मेला का आयोजन किया गया।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**राजनांदगांव, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी के लिखित आवेदन पर से थाना लालबाग में आरक्षक भर्ती संवर्ग मे अभ्यार्थीयों को मशीन में छेड़खानी कर अंक में लाभ दिलाने की बात पर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी की सूचना वरिष्ठ अधिकारीयों को कराया गया। दौरान विवेचना के सीसीटीवी फुटेज, मोबाईल चैटिंग मेसेज एवं गवाहो के बयान पर से आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर आरोपी पवन साहू, नुतेश्वरी ध्रुर्वे, आरक्षक धर्मराज मरकाम, आरक्षक योगेश ध्रुर्वे, महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी, महिला आरक्षक परिधि को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामले की विवेचना जारी है अन्य किसी के भी खिलाफ सबूत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जलोटा, जसपिंदर नरूला सहित कई हस्तियां 7वें मूनव्हाइट फिल्म्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के अवार्ड फंक्शन में हुईं शामिल

मुम्बई में आयोजित 7वें मूनव्हाइट फिल्म्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल MWFIFF 2024 के पुरुस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भजन सम्राट अनूप जलोटा, जसपिंदर नरूला ,दलजीत कौर सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। सभी ने देवाशीष सरगम राज को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अनूप जलोटा ने सभी पुरस्कार विजेताओं को अपनी ओर से बधाई दी। अनूप जलोटा, जसपिंदर नरूला, दिलराज कौर और पंडित सुवाषित राज ने यहां अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। देवाशीष सरगम राज सहित सभी मेहमानों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। फिर इस फेस्टिवल की 7 साल की जर्नी दिखाई गई। गेस्ट्स में दयाशंकर, सोनम अरोड़ा, जावेद हैदर सहित कई हस्तियां उपस्थित रहीं। गायक संजय शांगलु ने गणपती वंदना से प्रोग्राम की शुरुआत की। जमसाज़ बैंड की परफॉर्मेंस भी पसन्द आई और तेरी दीवानी गीत की प्रस्तुति देकर बैंड ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शार्ट फ़ल्मि हुनर को कई अवार्ड मिले जिनमें बेस्ट डायरेक्टर सुजय मुखर्जी, बेस्ट एक्टर रोहित बोस राय, बेस्ट ऐक्ट्रेस मधुरिमा तुली, जावेद हैदर, बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट विधान शर्मा को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट से नवाजा गया। इसके साथ ही कई और फिल्मो, कलाकारो को भी पुरुस्कृत किया गया। मुम्बई के मुक्ति ऑडिटोरियम में भव्य रूप से आयोजित इस कार्यक्रम को अनूप जलोटा के सहयोग से एसबीआई सिक्युरिटीज ने प्रेजेंट किया था जबकि महाराष्ट्र टूरिज़्म भी को-स्पॉन्सर था। इस अवसर पर गायक सुहर्ष राज के म्युज़कि वीडियो ₹काफ़रि दीवाना₹ का पोस्टर भी अनूप जलोटा और जसपिंद्र नरुला सहित सभी मेहमानों ने लांच किया।

## हॉलीवुड, बॉलीवुड पहली बार एक साथ कुंभ मेला 2025 में बना रहे हैं लाइफआर्ट विलेज

प्रयागराज कुंभ मेला 2025 अगले साल 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। लेकिन इस बार इसमें एक नया इतिहास बनने जा रहा है। पहली बार यह कुंभ मेला हॉलीवुड, बॉलीवुड और स्प्रिचुअलिटी का एक अद्भुत संगम होने जा रहा है। हॉलीवुड और बॉलीवुड पहली बार




एक साथ कुंभ मेले के लिए काम करने जा रहे हैं। हॉलीवुड के जाने माने प्रोड्यूसर और ऑर्गनाइजर रैन मोर पिछले 30 साल से इंडिया में बहुत कुछ कर रहे हैं। हॉलीवुड निर्माता रैन मोर और FWICE के अध्यक्ष बी एन तिवारी महाकुंभ 2025 में ₹लाइफआर्ट विलेज₹ की घोषणा करने जा रहे हैं। इस लाइफ आर्ट विलेज की और ज्यादा जानकारी आपको www.lifeart.in पर मिल सकती है। बुकिंग इस वेबसाइट के द्वारा कराई जा सकती है। इन्हें 12 एकड़ की जगह मिली है सेक्टर 10 कुंभ के लिए जिसमे गंगा घाट के प्राइवेट ऐक्सेस, वीआईपी रूम बनेंगे, आने वाले मेहमानों के लिए फाइव स्टार सुविधाओ के साथ इस विलेज को बनाया जा रहा है। इसके साथ ही यहां योगा, वेलनेस, मेडिटेशन, होलिस्टिक वर्कशॉप, फेस्टिवल चलेगा। प्रतिदिन आरती होगी। एफ़डब्लूआईसीई के अध्यक्ष बी एन तिवारी और हॉलीवुड प्रोड्यूसर रैन मोर इस मेगा सहयोग के लिए एक साथ घोषणा करेंगे। महाकुंभ 2025 के ₹लाइफआर्ट विलेज₹ में प्रतिदिन म्युज़कि फेस्टिवल और फिल्मोत्सव भी चलेगा।

## रुसलान मुमताज और कर्णिका मंडल ने भी फिल्म से जुड़े अपने अनुभव शेयर किए

हॉरर फिल्मों का दर्शकों के बीच एक अलग ही क्रेज है। साल 2024 की रिलीज फिल्मों पर नजर डाले तो 'मुंजा' 'स्त्री 2' और भूल भुलैया 3 को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नए साल के शुरुआत में एक और हॉरर बॉलीवुड फिल्म 'लव इज़ फॉरएवर' Love is forever रिलीज होने जा रही है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान फिल्म के लीड एक्टर्स रुसलान मुमताज, कर्णिका मंडल और राहुल डी कुमार ने फिल्म से जुड़े अपने खास अनुभव शेयर किए। फिल्म में खास किरदार निभा रहे एक्टर रुसलान मुमताज ने फिल्म के बारे में बताया कि यह एक एक अलग



तरह की लव स्टोरी है। इसमें एक कपल को कोई परेशान कर रहा है। जब भी दोनों कपल साथ होने की कोशिश करते हैं, कुछ हादसे होते रहते हैं, जिससे दोनों डिस्टर्ब हो जाते हैं। वह कौन है, यह पूरी फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। बातचीत के दौरान रुसलान मुमताज ने आगे बताया कि उन्हें हॉरर फिल्म देखने का बहुत शौक है। वह कहते हैं- मैंने अब तक फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाए हैं, इस फिल्म में भी मेरा किरदार काफी अलग है। लेकिन मैंने कभी हॉरर फिल्म नहीं की थी। मुझे हॉरर फिल्म देखने का बहुत शौक है। इस फिल्म का जब ऑफर आया तो मैंने बिना स्टोरी सुने ही हां कर दी थी।

## हंगामा के नए थ्रिलर 'पिरामिड' में देखिए क्रिप्टोकरंसी से जुड़े गहरे राज़ और अपराध की कहानी

भारत के सबसे बेहतरीन डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लैटफॉर्म में शुमार 'हंगामा' अपनी ओरिजनल सीरीज 'पिरामिड' के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। यह एक ऐसी कहानी है जो क्रिप्टोकरंसी की अंधेरी दुनिया और अपराध से आपको रूबरू कराएगी। इसे सिर्फ हंगामा ओटीटी पर देखा जा सकता है। इस सीरीज में राज़, सस्पेंस और रोमांच है। इस कहानी में बहुत सारे रोमांचक मोड़ हैं, और हर किरदार का बहुत कुछ दांव पर भी लगा है। यह कहानी दर्शकों को पूरे समय बांधकर रखने की खूबी रखती है। इस सीरीज में हेली शाह, रोहन मेहरा, हर्षद अरोरा, करन शर्मा और कृष्णन बरेटो ने अपनी एक्टिंग का जौहर दिखाया है।




सीरीज की कहानी शुरू होती है जबकि 'पिरामिड' नाम के अपनी तरह के पहले क्रिप्टोकरंसी प्लैटफॉर्म को बनाने वाले विजनरी अर्जुन बनर्जी का मर्डर हो जाता है। उनकी हत्या से पूरा देश सदमे में डूब जाता है तो कई लोग ऐसे भी होते हैं जो जिनका अकाउंट ब्लॉक हो जाता है और उन्हें समझ नहीं आता है कि ऐसे में क्या किया जाए। पत्रकार वृंदा (इस किरदार को हेली शाह ने निभाया है) इस हत्या की तह में उतरती है और वह इसके पीछे धोखाधड़ी के जाल, छिपे हुए एजेंडे और धोखे पर से पर्दा उठाने की कोशिश करती है। सच का पता लगाने जब वह निकलती है तो वह एक खतरनाक रास्ते से गुजरती है.

## प्रत्यंचा नारळे कौन हैं ?

प्रत्यंचा नारळे ने दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ टीवीसी में काम करने पर कहा, ₹एक छोटे शहर की लड़की के लिए यह सपना सच होने जैसा है। मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत



महसूस करती हूं भारतीय सिनेमा की दुनिया प्रत्यंचा नारळे को लेकर उत्साहित है। मशहूर सुपर मॉडल प्रत्यांचा अब बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। अपने टैलेंट, खूबसूरती और मेहनत के दम पर उन्होंने पहले ही फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में बड़ी सफलता हासिल कर ली है। जवाला, सोलापुर जिले के छोटे से गांव से आने वाली प्रत्यांचा का सफर बेहद प्रेरणादायक है। जहां उनके पास बॉलीवुड में आने की कोई उम्मीद नहीं थी, वहीं उन्होंने ₹फेस ऑफ इंडिया₹ जैसे प्रतिष्ठित खिताब जीते। उन्होंने ₹फेस ऑफ एशिया₹ (साउथ कोरिया) में भारत का प्रतिनिधित्व किया और ₹टीटूज़ मिस बॉडी ब्यूटीफुल₹ जैसे टाइटल भी अपने नाम किए। इसके अलावा, प्रत्यांचा ने Skechers, Myntra, Ajio, Shopper Stop, Jeep GQ और Royal Enfield जैसे बड़े ब्रांड्स के साथ काम किया है। लेकिन जो उन्हें सबसे अलग बनाता है, वह है उनका अनुभव बॉलीवुड के बड़े सितारों के साथ स्क्रीन साझा करना। दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे स्टार्स के साथ विज्ञापनों में काम करके प्रत्यंचा ने पहले ही खुद को साबित कर दिया है।

## जॉर्जिया एंड्रियानी ने फैशन डिजाइनर ललित डालमिया की खूबसूरत हॉट कॉउचर ड्रेस पहनी

बॉलीवुड की फेवरेट फैशन आइकन जॉर्जिया एंड्रियानी ने हाल ही में धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित ₹फैशन इंटरप्रेन्योर फंड₹ इवेंट में अपने शानदार लुक से सबका ध्यान खींच लिया। यह इवेंट ₹मेड इन




इंडिया₹ फैशन ब्रांड्स का जश्न था, जहां जॉर्जिया ने अपनी खूबसूरत ड्रेस के जरिए रॉयल्टी और ग्रेस का परफेक्ट उदाहरण पेश किया। जॉर्जिया की ड्रेस लाल मखमल (रेड वेलवेट) से बनी थी, जो ऐतिहासिक रूप से शाही परिवारों और ताकत का प्रतीक माना जाता है। ड्रेस पर हाथ से की गई सुनहरी ज़रदोज़ी कढ़ाई थी, जिसमें मोर, हंस, हाथी और हिरण जैसे डिज़ाइन शामिल थे। ये डिज़ाइन्स सुंदरता, बुद्धिमानी, ताकत और शान को दर्शाते हैं। ड्रेस की 13 फीट लंबी ट्रेल और पावर शोल्डर्स इसके रॉयल लुक को और भव्य बनाते हैं। ललित डालमिया ने इसे ₹रॉयल ताकत, स्त्री की सुंदरता और परंपरा का प्रतीक₹ बताया। क्या आप जानते हैं कि इस ड्रेस को बनाने में 5000 घंटे लगे और इसका वजन 15 किलो था जॉर्जिया ने इसे इतने आत्मविश्वास और गरिमा के साथ कैरी किया कि दर्शकों की नजरें उनसे हट नहीं पाईं। लुक की डिटेल्सः उन्होंने अपने मेकअप को मिनिमल और न्यूड टोन, सॉफ्ट पिंक लिपस्टिक के साथ पूरा किया.

## सीरत कपूर ने अपने प्रिय दोस्त अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 की शानदार सफलता पर प्रशंसा की

टॉलीवुड की क्वीन सीरत कपूर, जो अपनी शानदार उपस्थिति और अभिनय कौशल के लिए जानी जाती हैं, अपने दोस्ताना स्वभाव और इंडस्ट्री में मजबूत रिश्तों के लिए भी मशहूर हैं। खासकर उनके और साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के बीच एक खास दोस्ती है। दोनों अक्सर एक-दूसरे की सफलता का जश्न मनाते और एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते नजर आते हैं। पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है और दर्शक अल्लू अर्जुन के दमदार परफॉर्मेंस को देखकर खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। फिल्म की जबरदस्त चर्चा के बीच, सीरत



कपूर भी इसे देखने से खुद को रोक नहीं पाईं। सीरत ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वो थिएटर में फिल्म देख रही थीं। फिल्म देखने के बाद, सीरत ने अल्लू अर्जुन के लिए एक खास पोस्ट लिखाः ₹@alluarjunonline आप वाकई एक पॉवरहाउस हैं! #Pushpa2 में आपको देखना जादुई अनुभव है। आपकी आभा, मेहनत और स्क्रीन पर आपकी अद्वितीयता हर बार मुझे हैरान करती है। आपने पुष्पा के किरदार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। गर्व है आपको ग्लोबली चमकते हुए देखकर! हमें अपनी कला, ऊर्जा और जुनून से प्रेरित करते रहें।

## हॉलीवुड फिल्म महायोगीःहाइवे 1 टू वननेस रिव्यू डॉ. सत्य प्रकाश गुप्ता

अध्यात्म क्या धर्म या मजहब से पृथक है?अध्यात्म क्या योग या ध्यान से अलग है? धर्म की मौलिकता क्या अध्यात्म के दर्शनवादी दृष्टिकोण से अलग है ? क्या धर्म की सत्ता अध्यात्म के मूल्यों से परे है ? क्या अध्यात्म के बगैर समाज के सारे सरोकार संपूर्ण हो सकते हैं?। देश को चलाने वाली नियामक पुस्तक संविधान में अध्यात्म के मूल्यों को समाहित किया गया है ? श्री राजन लूथरा निर्मित, निर्देशित फिल्म



₹महायोगी-हाइवे 1 टू वननेस₹ उपरोक्त प्रश्नों का उचित उत्तर अपने संवादों और दृश्यों से प्रक्षेपित करती है। कोई भी धर्म संवेदनविहीन नहीं हो सकता है। जो धर्म मानव समुदाय के दर्द,वेदना,समस्याओं का निदान करता है ,उस धर्म में वह अध्यात्म का मित्र बन जाता है। इसीलिए हमारा मुख्य चरित्र राज धर्म के उस मर्म की खोज में भौतिकवाद और बाजारवाद के मसीहा कहे जाने वाले देश अमेरिका से इंडिया आता है और अध्यात्म की लंबी सुरंग में प्रवेश कर महाभारत के कुरुक्षेत्र तक पहुंच जाता है ।हजारों वर्ष पुराना साक्षी वृक्ष उस महामारक, मानव सभ्यता को निगल जाने वाला पांडव और कौरव के बीच का युद्ध का आंखों देखा हाल सुनाता है।अपने संभाषण में साक्षी वृक्ष राज को भेद खोल देता है कि हम हजारों वर्षों से तुम्हारी प्रतिक्षा करते आ रहे हैं.

## जॉर्जिया एंड्रियानी के 3 एलीगेंट और बोल्ड लुक्स से प्रेरित होकर इस क्रिसमस पर अपने फैशन गेम को करें लेवल अप

जैसे-जैसे छुट्टियों का सीजन करीब आता है, क्रिसमस वो परफेक्ट मौका है जब आप अपने आउटफिट्स में स्टाइल, एलीगेंस और फेस्टिव चार्म का परफेक्ट मेल दिखा सकते हैं। चाहे आप एक आरामदायक



फैमिली डिनर पर जा रहे हों या किसी ग्लैमरस हॉलिडे पार्टी में, स्टाइलिश और आकर्षक दिखना तो जरूरी है। और अगर आप अब भी सोच रहे हैं कि पहनें क्या? तो परेशान न हों, बॉलीवुड डीवा जॉर्जिया एंड्रियानी के ये 3 रेड आउटफिट्स आपके लिए परफेक्ट इंस्पिरेशन हैं। जॉर्जिया ने एलीगेंस और फेस्टिव चार्म को बेहतरीन तरीके से मिलाया है, जो उन्हें आपके क्रिसमस लुक के लिए आदर्श स्टाइल म्यूज़ बनाता है। जॉर्जिया ने एक क्लासिक रेड बॉडीकॉन ड्रेस में अपना जलवा दिखाया, जिसमें एक आकर्षक नॉटेड बैकलैस डिज़ाइन है, जो उनकी सिल्हूट को खूबसूरती से हाइलाइट करता है। यह ड्रेस उनके फिगर को परफेक्टली कॉम्प्लीमेंट करती है, जिससे एक ऐसा लुक बनता है जो एलीगेंट और सेंसुअस दोनों है। उन्होंने सेंटर-पार्टेड ढीले कर्ल और मिनिमल मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया, जिससे उनकी नेचुरल ब्यूटी और भी निखरकर सामने आई।

## शैडो सोंग फेम सिंगर सिंग्गा ने पहली बार खुल कर बात की अपने डिप्रेशन की लड़ाई की

गायक और अभिनेता सिंग्गा ने डिप्रेशन से उबरने पर कहा, ₹मैंने अपनी सीमाओं को लांघते हुए तपती धूप में दौड़ लगाई। पसीना बहाना मेरी थेरेपी थी। मैंने अपने पसीने को अपने पैरों के नीचे की मिट्टी का रंग बदलते हुए देखा। पंजाबी सिंगर और एक्टर सिंग्गा, जो अपनी दमदार आवाज और धमाकेदार परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं, ने हाल ही में अपनी जिंदगी के एक बहुत ही निजी संघर्ष को लेकर बात की। उनके चमकदार पब्लिक व्यक्तित्व के पीछे, सिंग्गा गंभीर डिप्रेशन से जूझ रहे थे। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी इस



लड़ाई ने उन्हें एक कठिन दौर से गुजरने पर मजबूर कर दिया, जिसके कारण उनका वजन बढ़ गया और वो अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत से दूर हो गए। सिंग्गा ने बताया कि डिप्रेशन ने उन्हें अंदर से कमजोर कर दिया था। उन्होंने कहा, ₹मैं खुद को खो चुका था। मुझे कुछ भी करने का मन नहीं करता था। मैं अपनी सेहत और काम को नजरअंदाज कर रहा था। हर दिन मेरे लिए एक संघर्ष बन गया था। लेकिन फिर एक दिन, कुछ बदल गया। मुझे एहसास हुआ कि मुझे अपनी ज़िंदगी को दोबारा जीने का मौका देना होगा। मुझे खुद को फिर से खड़ा करना था, सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि अपने परिवार के लिए, जो मुझे इस हालत में देखकर जरूर परेशान होगा।

## प्रत्यंचा नारळे ने किया 2025 की विशलिस्ट का खुलासा

बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार प्रत्यंचा नारळे ने विक्की कौशल के साथ काम करने की इच्छा जताई। ₹वो एक सेल्फ-मेड एक्टर हैं और उनके अभिनय से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा...प्रत्यंचा नारळे, बी-टाउन इंडस्ट्री की उभरती हुई सितारा और बॉलीवुड की सबसे होनहार नई प्रतिभाओं में से एक हैं। प्रत्यंचा ने पहले ही अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ टीवीसी में स्क्रीन साझा की है। जैसे ही 2024 समाप्त हो रहा है, प्रत्यंचा ने 2025 के लिए बड़े सपने देखे हैं। इनमें से उनकी



सबसे बड़ी इच्छाओं में से एक है, प्रतिभाशाली बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल के साथ काम करना। विक्की कौशल अपने शानदार प्रदर्शन और अद्भुत बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। वे कई उभरते सितारों के लिए एक सपने के सहयोगी बन गए हैं, और प्रत्यंचा भी इससे अलग नहीं हैं। प्रत्यंचा के लिए विक्की कौशल सिर्फ एक अभिनेता नहीं हैं। वह उनकी करियर यात्रा से बहुत प्रेरित हैं। प्रत्यंचा ने कहा, ₹विक्की कौशल उन अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने दम पर मुकाम हासिल किया है। मैं उनकी हर भूमिका में उनकी मेहनत की सराहना करती हूं, चाहे वह 'सैम बहादुर' हो या 'जरा हटके जरा बचके' में उनका किरदार।

## एयरटेल वाईफाई के साथ मनोरंजन का नया दौरः अब ज़ी-5 भी शामिल

भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (₹एयरटेल₹) ने आज ज़ी5, भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की है, अब एयरटेल के वाईफाई ग्राहकों को रोमांचक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। ₹699 या उससे अधिक के प्लान्स पर सभी ग्राहकों को उनके एयरटेल वाईफाई प्लान के तहत ज़ी5 बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगा। इस साझेदारी से, ज़ी5 का एक्सक्लूसिव कंटेंट, जिसमें ओरिजिनल शोज़, चार्टबस्टर टाइटल्स, ओटीटी मूवीज़ और विभिन्न भाषाओं में सीरीज़, अब एयरटेल वाईफाई पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। इससे उपभोक्ताओं को डिजिटल कंटेंट की एक विस्तृत कैटलॉग मिलेगा। लोकप्रिय टाइटल्स जैसे कि सैम बहादुर, आरआरआर, सिर्फ एक बंदा काफी है, मनोरथंगल, विक्कटकवि, द क्रॉनिकल्स ऑफ अमरागीरी, अइंधाम वेधाम, ग्यारह ग्यारह और कई अन्य के साथ, एयरटेल वाईफाई ग्राहक अब 1.5 लाख+ घंटों के विशाल कंटेंट भंडार का आनंद ले सकते हैं। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और ईवीपी कस्टमर एक्सपीरियंस - भारती एयरटेल अमित त्रिपाठी ने कहा, "साझेदारी एयरटेल के डीएनए का हिस्सा है और ज़ी5 के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। हमारे उपभोक्ताओं को एक विश्वस्तरीय डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम देने के हमारे प्रयास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। ज़ी5 की समृद्ध लाइब्रेरी हमारी कंटेंट पोर्टफोलियो को गहराई देती है और हमारे उपभोक्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाती है। हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम अनुभव देने के लिए अपनी कंटेंट पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

## मैं असल जिन्दगी में किसी से फ्लर्ट नहीं करताः रोहिताश्व गौड़

रोहिताश्व गौड़ ने एण्डटीवी की कल्ट कॉमेडी 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी बनकर अपनी चतुराई और खूबसूरती से दर्शकों



को बहुत रोमांचित किया है। अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) का दिल जीतने के लिये तिवारी की लगातार कोशिशें उसे एक चहेता किरदार बना चुकी हैं। लेकिन पर्दे के पीछे रोहिताश्व का सफर जुनून, दृढ़ता और कड़ी मेहनत की एक मिसाल है। इस बेबाक इंटरव्यू में उन्होंने एक मशहूर किरदार को निभाने, अपनी निजी जिन्दगी, संघर्षों और एक्टिंग से लगातार प्यार करने के बारे में बताया है।

मनमोहन तिवारी प्रशंसकों का पसंदीदा किरदार बन गया है। आपके हिसाब से उसे कौन-सी बात इतना चहेता बनाती है? मनमोहन तिवारी की अपनी अनोखी आदतों और विरोधाभासों से भरे हुये हैं और मुझे लगता है कि यही बातें उसे इतना चहेता बनाती हैं। वह आकर्षक है, पुराने जमाने के रोमांस से सराबोर और शरारती भी है, लेकिन भीतर से वह एक आम आदमी है, जो आम आदमी के ही संघर्षों का सामना कर रहा है। अनीता भाबी का ध्यान आकर्षित करने के लिये उसका तरीका, विभूति (आसिफ शेख) के साथ उसकी अनबन और बिजनेस तथा निजी जिन्दगी के बीच उसका संतुलन उसे मनोरंजक एवं चहेता बनाता है।

## रोमांचक कहानियाँ सिर्फ एण्डटीवी पर!

एण्डटीवी के शोज 'अटल', 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' अपनी मनोरंजक कहानियों से दर्शकों को बांधकर रखेंगे। एण्डटीवी के 'अटल' के बारे में, कृष्णा देवी की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''भावना का अपहरण होने के बाद अटल, सदा, कृष्णा देवी और कृष्ण बिहारी उसकी खोज शुरू करते हैं। इस बीच, अटल को सुषमा ताईजी की बात याद आती है कि भावना की शादी होनी है। दूसरी ओर, सुषमा ताईजी इस कोशिश में हैं कि भावना की शादी



जबर्दस्ती करा दी जाए। अटल और उसका परिवार वहाँ पहुँच जाते हैं, जहाँ भावना की शादी उसकी मर्जी के बिना हो रही है, लेकिन सिपाही उन्हें रोक देते हैं।'' एण्डटीवी के 'भीमा' के बारे में, मेवा की भूमिका निभा रहे अमित भारद्वाज ने कहा, ''भीमा को धनिया तस्करी से बचा लेती है, लेकिन जल्दी ही उस पर गलत आरोप लगा दिया जाता है कि उसने सुनील की हत्या करने का प्रयास किया है। धनिया को गिरफ्तार कर लिया जाता है। कैलाशा बुआ एक शर्त रखती हैं कि धनिया को छोड़ दिया जाएगा अगर भीमा शादी के लिये तैयार हो जाए और पढ़ाई छोड़ दे।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की आने वाली

## शांत पंडित, तेज आवाज वाली पत्नी और बेटा उभरता हुआ गायक

सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' मध्यम वर्गीय वागले परिवार के रोजमर्रा के संघर्षों और जीत को दर्शाता है। हाल के एपिसोड में डक्कू (दीपक पारीक) को बगल के फ्लैट से अजीबोगरीब आवाज़ें आती हैं, जो कुछ समय से खाली पड़ा है। चोरों के होने का संदेह होने पर, वह पूरी सोसाइटी को इकट्ठा करके जांच करता है। हालांकि, जब वे अपार्टमेंट से भजन सुनते हैं, तो वे दंग रह जाते हैं। जैसे ही फ्लैट का दरवाज़ा खुलता है, घटनाओं के आश्चर्यजनक मोड़ में साईं दर्शन सोसाइटी के सदस्य अपने नए पड़ोसियों, एक गुजराती परिवार से मिलते हैं। परिवार में धर्मेश (खंजन थम्बर), एक शांत और सिद्धांतवादी मंदिर के पूर्व पुजारी, और उनकी तेज़ आवाज वाली सनकी पत्नी संतूरी (तरजनी भदला) शामिल हैं। उनके साथ उनका छोटा बेटा एक उभरता हुआ गायक है, जिसका संगीत के प्रति जुनून परिवार को मुंबई ले आता है। हालांकि, डक्कू नए लोगों पर संदेह करता है, इस बात से सावधान रहता है कि कैसे धोखेबाज अक्सर परिवार के रूप में सामने आते हैं। अपने संदेह को साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित डक्कू उनकी हर हरकत पर नजर रखना शुरू कर देता है। क्या उसका संदेह झूठे आरोपों की ओर ले जाएगा, या इस परिवार में दिखने से कहीं ज़्यादा कुछ है? राजेश वागले की भूमिका निभाने वाले सुमित राघवन ने कहा, ₹वागले की दुनिया में नए किरदारों का होना रोमांचक है, और यह नया गुजराती परिवार कहानी में एक नया मोड़ लेकर आया है।

## कलाकारों ने साल 2025 के स्वागत के लिये की खास तैयारियां

साल 2024 का अंत करीब आ रहा है और इसी के साथ नए साल के जश्न का उत्साह भी बढ़ रहा है। एण्डटीवी के कलाकार अपने-अपने खास अंदाज में 2025 का स्वागत करने को तैयार हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं - नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), स्मिता सेबल ('भीमा' की धनिया), योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह), और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाभी)। घर पर सुकून भरे जश्न से लेकर खूबसूरत जगहों की सैर तक, एण्डटीवी के सितारे नए साल का स्वागत खुशी और उम्मीदों के साथ करेंगे।

नेहा जोशी, जो 'अटल' में कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''नए साल का जश्न मैं आमतौर पर अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर पर मनाती हूं। एक बढ़िया डिनर और कराओके नाइट से साल की शुरुआत करना मुझे बेहद पसंद है। लेकिन इस बार मैं प्राकृतिक सौंदर्य के बीच नए साल का स्वागत करने की सोच रही हूं। हाल ही में, मैं 'अटल' की पहली सालगिरह का जश्न मनाने के लिए ग्वालियर गई थी। वहां की ठंडी हवाओं, शहर के आकर्षण और लोगों की जबरदस्त एनर्जी ने मेरा मन मोह लिया। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पसंदीदा दुकानों से स्थानीय कचौरी, समोसे व पकोड़ों का स्वाद लेना एक यादगार अनुभव रहा। मैं जल्द ही वहां फिर से जाने का प्लान बना रही हूं। मैंने इस बारे में अपने पति से बात भी कर ली है, देखते हैं कि क्या पॉसिबल हो पाता है। हालांकि, मैं जहां भी रहूं, न्यू ईयर को खास बनाने की पूरी कोशिश करूंगी। कहावत भी है कि एक अच्छी शुरूआत, बेहतरीन परिणाम देती है।''



वहीं, 'भीमा' में 'मेवा' की भूमिका निभाने वाले अमित भारद्वाज ने कहा, इस साल मैं अपने परिवार को एक शांत और खूबसूरत रिवरसाइड प्रॉपर्टी पर लेकर जा रहा हूं। हम रात को तारे देखते हुए कुकिंग एवं बोनफायर का आनंद लेंगे और बीते साल की यादें साझा करेंगे। नए साल की सुबह पास के एक हिल पर ट्रेकिंग करते हुए सूर्योदय देखने का प्लान है। प्रकृति के बीच रहना मुझे सुकून देता है और आने वाले साल के लिये सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। आभार और खुशियों के साथ साल की शुरुआत का यह एक बेहतरीन तरीका है।'' योगेश त्रिपाठी, जो कि 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, ने बताया, ''मैं हमेशा ही घर पर फैमिली के साथ नये साल का स्वागत करना पसंद करता हूं और इस साल भी कुछ बदलने वाला नहीं है। हम इस बार एक भव्य जश्न की योजना बना रहे हैं, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक दोनों रंग शामिल होंगे। स्वादिष्ट खाना, संगीत और ढेर सारी हंसी-खुशी के बीच हम बीते साल को याद करेंगे। आधी रात को केक भी काटने का प्लान है। इसके अलावा, मैं अपने बच्चों की खुशी के लिए कुछ समय के लिए हमारी बिल्डिंग में होने वाली न्यू ईयर पार्टी में भी

## कलाकार ने बताया कि वे अपने स्वास्थ्य को कैसे प्राथमिकता देते हैं

सोनी सब के प्रतिभाशाली कलाकार नवीन पंडिता, गरिमा परिहार, परिवा प्रणति और सुकन्या सुर्वे ने हाल ही में बताया कि वे अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल के बावजूद अपनी सेहत को कैसे प्राथमिकता देते हैं।



सेट पर लंबे समय तक काम करना और निजी स्वास्थ्य को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन इन कलाकारों ने शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के अनोखे तरीके खोजे हैं। डाइट पर ध्यान देने से लेकर क्विक वर्कआउट, मेडिटेशन और सेल्फ-केयर रूटीन का अभ्यास करने तक, वे अपने जीवन में स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हैं। कलाकारों ने व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि और सुझाव साझा किए जो उन्हें व्यस्त दिनों के बीच सक्रिय और सकारात्मक रहने में मदद करते हैं। उनकी कहानियाँ व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने की चाह रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए प्रेरणा का काम करती हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल में अश्विन पटेल की भूमिका निभाने वाले नवीन पंडिता कहते हैं, ₹टीवी अभिनेताओं के लिए एक उचित शेड्यूल बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि हम अक्सर दिन में 12-14 घंटे काम करते हैं।

## इस क्रिसमस पर एक्टर्स बनेंगे सांता!

क्रिसमस के करीब आते ही माहौल त्यौहार की उमंग से सराबोर हो गया है और सीक्रेट सांता का रोमांच छुट्टियों की खुशियां बढ़ा रहा है। एण्डटीवी के कलाकार आयुध भानुशाली (नन्हा अटल, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं') अपने बचपन में सांता की भूमिका को याद कर रहे हैं। उन्हें अपने वे इच्छाएं भी याद आ रही हैं, जिन्हें पूरी करने की उम्मीद वे सीक्रेट सांता से किया करते थे। अटल में टाइटल रोल कर रहे आयुध भानुशाली ने बीती यादें ताजा करते हुए कहा, ''मैं हमेशा सांता क्लॉज से बहुत आकर्षित था



और क्रिसमस पर साइकिल पाने का सपना देखता था। मैं चिट्ठियाँ लिखा करता था और मुझे उम्मीद रहती थी कि मेरा गिफ्ट बेड के नीचे मिलेगा। बाद में मेरे पैरेंट्स ने मुझे साइकिल का सरप्राइज देकर मेरे सपने को सच में बदल दिया। वह पल मुझे अब भी याद है। इस साल मैं दूसरों को वैसी ही खुशी देना चाहता हूँ। मैं हाल ही में ग्वालियर गया था, जोकि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का होमटाउन है। संयोग से उनका जन्मदिन क्रिसमस पर आता है। वह यात्रा बहुत प्रेरक थी।

## गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ रज्जो ने अपने जन्मदिन पर खरीदी नई कार!

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने अपने बर्थडे पर खुद को एक खास तोहफा दिया है। कमाल की एनर्जी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिये मशहूर गीतांजलि ने एक नई कार खरीद कर अपना जन्मदिन मनाया। गौरतलब है कि 10 साल बाद उन्होंने कोई कार खरीदी है। यह खूबसूरत और मॉडर्न कार उनकी खुद से मोहब्बत, मेहनत और सालों की लगन का नतीजा है। इस खास तोहफे के बारे में बात करते हुए गीतांजलि उर्फ राजेश ने कहा, ''यह जन्मदिन मेरे लिए बेहद खास है। दस साल पहले मैंने अपनी बचत से अपनी कार खरीदी थी, और अब, एक दशक बाद, मैंने खुद को एक नई कार



गिफ्ट की है, जो कम्फर्ट और लक्जरी दोनों देती है। यह कार मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि का प्रतीक है और मेरे अब तक के सफर का इनाम है, चाहे वो निजी हो या पेशेवर। यह एक खूबसूरत मॉडल है जो मेरी पसंद को बखूबी दर्शाता है। इसे पहली बार चलाकर मुझे जो खुशी मिली, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। मेरे लिए यह कार मेरी प्रगति, संघर्ष और खुद की अहमियत का प्रतीक है।

# फरसपाल चौक में कुछ दुकानों की आड़ में खुलेआम शराब की बिक्री

- पुलिसिया संरक्षण प्राप्त कर नगर में चल रहा है शराब व सटटे का अवैध कारोबार, तस्कर बेख़ौफ
- मांईजी की धर्म नगरी में सट्टा व शराब का फलता-फूलता अवैध कारोबार.
- आबकारी विभाग भी कुंभकर्णी नींद में सोया है



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 22 दिसंबर।** नगर के फरसपाल चौक स्थित कुछ दुकानों में अवैध रूप से शराब बेचने का धन्धा जोरों से चल रहा है। नगर में अवैध शराब की बिक्री व सटटे का कारोबार किसके संरक्षण में चलता है यह सब जानते हैं। बीच चौक दुकानों की आड़ में खुलेआम मदिरा प्रेमी को शराब की बोतल पकड़ाई जाती है जिसे आस पडोस के बच्चे भी देखते हैं जिससे बच्चों पर बुरा प्रभाव पडता है। इसे रोकने की जहमत न पुलिस उठाती है न ही आबकारी विभाग का कोई कर्मचारी ही कभी छापा मारने इनके दुकानों में आता है।

गौरतलब है कि मांई दंतेश्वरी की पावन नगरी में शराब व सट्टा का अवैध कारोबार सालों से फलफूल रहा है। कुछ लोग शक्तिपीठ दंतेवाड़ा (धर्म नगरी) की छवि को धुमिल करने में लगे हुए हैं। पुलिस की जिम्मेदारी अवैध शराब बिक्री व सट्टा को रोकने की होती है मगर दुखद पहलु यह है कि यहां पुलिसिया संरक्षण में ही ये सब कुछ चल रहा है। किस तरह का संरक्षण इन्हें मिलता है यह बताने की यहां आवश्यकता नहीं । इसे रोकने समाज भी कभी सामने नहीं आता । एक सभ्य समाज में शराब, जुआ व सटटा की कोई जगह नहीं होती। बावजुद कुछ लोग अन्य इलाकों से आकर फरसपाल चौक स्थित दुकानों को किराये पर लेते हैं तथा दुकानदारी के नाम पर अवैध कारोबार करते हैं। फरसपाल चौक स्थित तीन से चार दुकानों में शराब बेचने का धन्धा लंबे समय से चल रहा है इसकी पुरी जानकारी पुलिस महकमे को भी है। शिकायत पर पुलिस यदा कदा खानापूर्ति कर अपना फर्ज निभा चली जाती है कुछ दिनों बाद पुनः शराब बेचने का काम शुरू हो जाता है। ये लोग लाईसेंसी दुकानों से ज्यादा मात्रा में शराब की बोतलें लेकर आते हैं और अपनी दुकानों में रखकर सुबह से देर रात तक उंचे दाम पर बेचते हैं और मुनाफा कमाते है। इनकी दुकानें देर रात तक खुली देखी जा सकती है। शराब बेचना कोई गुनाह नहीं है मगर बिना लाईसेंस सरकार द्वारा निर्धारित राशि से अधिक दामों पर शराब बेचना वो भी सार्वजनिक जगहों पर पुरी तरह से गैर कानुनी है इस पर रोक लगनी चाहिए। फरसपाल चौक में रहने वाले निवासी भी अवैध शराब बेचने तथा सटटा खिलाने वाले लोगों से खासे परेशान रहते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि मना करने पर लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाते हैं शिकायत पर पुलिस भी कोई सख्त कारवाई नहीं करती है। नगर का हरेक व्यक्ति को मालुम है कि फरसपाल चौक में किन किन स्थान पर शराब की बोतल मिलती है तो क्या पुलिस या आबकारी विभाग को जानकारी नहीं होगी। आवश्यकता है एक ईमानदार और सख्त कारवाई की ताकि सभ्य समाज में इस तरह के अनैतिक व अवैध कारोबार पर रोक लग सके। अवैध शराब की बिक्री पर कारवाई की जिम्मेदारी अकेले पुलिस की नहीं होती बल्कि सबसे ज्यादा जिम्मेदारी तो आबकारी विभाग की होती है। मगर जिले में आबकारी विभाग तो कहीं दिखाई ही नहीं पड़ता। ये हमेशा सालो भर कुंभकर्णी नींद में सोए रहते हैं इनसे कोई कारवाई की उम्मीद भी नही है। हाल ही में दंतेवाड़ा सिटी कोतवाली के नगर निरीक्षक विजय पटेल का स्थानांतरण दंतेवाड़ा थाने से गीदम कर दिया गया है। उनके स्थान पर गीदम टीआई धनन्जय सिन्हा को दंतेवाड़ा सिटी कोतवाली में पदस्थापना की गई है। देखना होगा कि नये कोतवाल साहब इस सामाजिक बुराई के मुद्दे पर कुछ कर पाते हैं या फिर वैसा ही चलता रहेगा जैसा दशकों से चला आ रहा है यह तो आगे कुछ दिनों में ही पता लग पाएगा।

## एक नजर

### राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन

**राजनांदगांव 22 दिसम्बर ।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा नया कृषि उपज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का संदेश विष्णु की पाती किसानों को दी गई, जिसे पाकर किसानों ने खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सासंद श्री मधुसूदन यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व सासंद श्री मधुसूदन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसान हितैषी सरकार है और किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित करने के लिए कार्य कर रही है। हर वर्ष किसानों के लिए धान खरीदी के समर्थन मूल्य वृद्धि हो रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी योजनाओं से किसानों को साहूकार के चंगुल से निकालने लिए कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र का देश के सकल घरेलू उत्पाद में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान है। कृषि क्षेत्र के साथ ही मत्स्य पालन, बकरी पालन, दुग्ध उत्पादन जैसे कृषि क्षेत्र से जुड़े अन्य कार्य करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। किसानों के खाते में एकमुश्त बोनस की राशि सरकार द्वारा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए जिले में लगातार व्यवस्था बनाया जा रहा है और मिलर्स की स्वीकृति के पश्चात धान के उठाव में तेजी आयी है। सरकार द्वारा किसान के हित में निर्णय लिए जा रहे हैं और सरकार किसान के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसान आने वाले समय में बेहतरी के लिए कार्य करेगी। उन्होंने किसानों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ एवं हमारा देश कृषि प्रधान है और खेती-किसानी महत्वपूर्ण कार्य है। अधिकांश किसान खेती-किसानी के लिए मानसून पर निर्भर है। खेती के लिए जल की आपूर्ति के लिए स्वयं का साधन नहीं होने पर दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि खेती किसानी को अधिक फायदेमंद बनाने की जरूरत है। मानसून के दौरान बहुत बारिश होती है और पानी बहकर चला जाता है। बारिश के समय खेत के पानी को खेत में, गांव के पानी को गांव में रोकने की आवश्यकता है। डबरी, तालाब एवं अन्य वाटर स्ट्रक्चर के माध्यम से मनरेगा के तहत जिले में जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके दृष्टिगत भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्थानों का चिन्हांकन करते हुए डबरी एवं तालाब का निर्माण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती के लागत को कम करने, फसल विविधीकरण को अपनाने, रासायनिक एवं कीटनाशक का उपयोग कम करने तथा जैविक खेती को अपनाने की जरूरत है।

## कांकेर में स्व. मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित



**कांकेर, 22 दिसंबर।** अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. मोतीलाल वोरा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर (ग्रामीण) और शहर कांग्रेस द्वारा उनके महान व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राजीव भवन (कांग्रेस कार्यालय) कांकेर में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में जिले के प्रमुख कांग्रेसी नेता नितिन पोटाई, रोमनाथ जैन, तरेंद्र भंडारी, सरजू शोरी, मनोज जैन, नरेश बिछिया, दीपक शोरी, मुकेश तिवारी, दिलीप नाग सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर स्व. मोतीलाल वोरा जी की योगदानों को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। मोतीलाल वोरा जी का कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण और उनकी अनमोल सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। उनके योगदान के कारण वे पार्टी के सशक्त स्तंभ बने रहे, और उनका नाम छत्तीसगढ़ राजनीति में सदैव सम्मानित रहेगा।

## कमलेश किसान सम्मेलन में हुए शामिल



**आवापल्ली, 22 दिसंबर।** आवापल्ली में किसान सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी ने किसान सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होकर छत्तीसगढ़ महतारी के समीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किए,वा आए हुए किसानों को संबोधित किए एवं किसान प्रमाण पत्र वितरण किया वा उसूर ब्लॉक के किसानों से भेंट मुलाकात किए।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर पर की गई टिप्पणी की सर्व आदिवासी समाज ने की निंदा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,22 दिसंबर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद सत्र के दौरान संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने निंदा प्रस्ताव पारित किया है।

शनिवार को सर्व आदिवासी समाज के बस्तर संभाग के सभी जिला अध्यक्ष और पदाधिकारियों के वर्चुअल बैठक में सर्व सहमति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने बताया कि संसद भवन में भारत के संविधान की 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष चर्चा के दौरान भारत के संविधान सभा के मुख्य सदस्य डॉ भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को देखकर सुनकर समझकर बहुत ही दुःख हुआ। उक्त टिप्पणी से देश में दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग समुदाय अपमानित महसूस करते हुए आक्रोशित हैं। संविधान निर्माता के सन्दर्भ में इस तरह की टिप्पणी करने वाले सांसद को संवैधानिक मंत्री मंडल के सदस्य के रूप में रखने का नैतिक अधिकार नहीं रह जाता है। आंबेडकर के नेतृत्व में संकलित संविधान से देश के करोड़ों दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं एवं वंचित समुदाय के व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हुआ है अतः संविधान निर्माताओं के लिए प्रतिकूल टिप्पणी सर्व आदिवासी समाज बर्दाश्त नहीं करता है ।



**भिलाई।** भारतीय कुश्ती महासंघ नई दिल्ली के अध्यक्ष संजय सिंह के आज प्रथम बार छत्तीसगढ़ आगमन पर स्वामी विवेकानन्द विमानतल माना में छत्तीसगढ़ कुश्ती महासंघ के महासचिव प्रशान्त राय ने छत्तीसगढ के पहलवानों के साथ उनका स्वागत किया। इसी से जुड़े राहुल बृजजीवन राय ने बताया कि आज शाम भिलाई के परशुराम भवन में भारतीय कुश्ती महासंघ नई दिल्ली के अध्यक्ष संजय सिंह का सम्मान किया जायेगा।

## इलमिडी में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**आवापल्ली, 22 दिसंबर।**इलमिडी मेंइ जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन युवा क्रिकेट क्लब इल्मिडी के द्वार कराया जा रहा है,इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी ने धरती माता की पूजा कर एवं रिबन काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता की शुभारंभ किया ,एवं भोपालपटनम व बीजापुर के मध्य प्रथम मैच में दोनों टीमों के बीच टास्क करवा के मैच की शुरुआत किए वा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिएमैच में विजेता टीम को ?50000 रुपया एवं उपविजेता टीम को 25000 ?1 एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगाइस दौरान जनपद सदस्य श्री अनिल बुरका जी, श्री वेंकटेश्वरा चपा जी, सरपंच रामचंद्रन जी ,श्री चिट्ठी मोरला श्री मनोज यालम,श्री पूनेम पांडा, आयोजक समिति के सदस्य श्री राजेंद्र बुरका, रमेश कोरस,सुनील मडी, चंद्रशेखर केबी,अविनाश मडी, संतोष बुरका, गोविंद काका, मनोज चन्नम ,विजया, सुजीत ,नागेश व बड़ी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

## एक माह से चली आ रही नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

- एक माह की हड़ताल से टूटने लगे थे श्रमिक
- 19 नवंबर से शुरू हुई हड़ताल 19 दिसंबर को हुई समाप्त
- कई दौर की मीटिंग के बाद अंततः कोरे आश्वासन पर ही श्रमिकों को खत्म करनी पड़ी हड़ताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 22 दिसंबर।** बीते एक माह से चल रही नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल अंततः 19 दिसंबर को सरकार के कोरे आश्वासन पर ही समाप्त हो गई। एक माह के तप का कोई रिजल्ट नहीं मिला श्रमिकों को फिर भी हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया गया। हड़ताल खत्म होने के मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए नगरीय निकाय दंतेवाड़ा के प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र ध्रुव ने कहा कि बीते 19 नवंबर से नगरीय निकाय में कार्यरत सैकडों प्लेसमेंट श्रमिक कर्मचारी बंधु प्रमुख 3 मांगें जिसमें ठेका प्रथा बंद करने, 4 हजार श्रम सम्मान प्लेसमेंट कर्मचारियों को देने तथा 15 साल कार्य पूर्ण होने वाले कर्मचारियों को नियमिति करने की मांग को लेकर हड़ताल पर गए थे। एक माह के हड़ताल के दौरान हमारे नेताओं ने नगरीय निकाय के संचालक, उप संचालक, नगरीय प्रशासन मंत्री समेत शासन के कई बड़े मंत्रियों के साथ कई दौर की मिटिंग चली। आखरी मिटिंग 18 दिसंबर को महानदी भवन रायपुर में सम्पन्न हुआ जिसमें उप संचालक ने आश्वासन दिया कि सरकार मांगों पर गौर करेगी और बीच का रास्ता निकालेगी तब तक आप लोग हड़ताल समाप्त कर वापस काम पर लौटें क्योंकि परेशानी जनता को उठानी पड़ रही है। ईधर एक माह से चली आ रही हड़ताल से कई श्रमिक टूट गए थे कुछ काम पर लौट भी आए थे। सेवा समाप्ति की तलवार भी कर्मचारियों पर लटक रही थी। ऐसे में प्लेसमेंट कर्मचारियों के सामने सरकार की हर बात माननी उनकी मजबूरी भी बन गई थी जैसा की हमेशा से होता आया है कि सरकार हड़ताल के दौरान पहले बात नहीं करती। कर्मचारियों को थकाकर उन्हें झुकने के लिए मजबूर कर देती है और टूटते हुए कर्मचारियों के पीठ पर हाथ रखकर उन्हें झुठा आश्वासन देकर हड़ताल खत्म करवा लेती है कुछ ऐसा ही हाल नगरीय निकाय प्लेंसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल का भी हुआ है। श्री ध्रुव ने कहा कि महिला सफाई कर्मियों की वेतन में 800 रूपए की बढोत्तरी की बात हुई है। पहले 7200 मिलता था अब उन्हें 8000 रूपए मानदेय दिया जाएगा जबकि मांग कलेक्टर दर 10 हजार रूपए दिए जाने की थी। कुल मिलाकर प्लेसमेंट कर्मचारियों को कोरा आश्वासन पर ही मंत्रियों ने झुका लिया और एक तरह से इसमें हार कर्मचारी संगठन की ही हुई है कहें तो गलत नहीं होगा।

## खेलों के प्रति युवाओं का बढ़ता रुझान सराहनीय:बसंत ताटी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 22 दिसंबर।** भोपालपटनम विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय वरदली में भूमिसिरिया क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया लगभग 12 दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया जिसमे से फाईनल मैच ग्राम अर्जुनल्ली एवं वाडला टीमों के मध्य खेला गया जहाँ ग्राम अर्जुनल्ली की टीम विजेता तो वही ग्राम वाडला की टीम उपविजेता रही उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पहुंचे कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरुस्कार वितरण करते हुए दोनों टीमों को जीत की बधाई दी मुख्यअतिथि की आसंदी से कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए ताटी ने कहा कि खेलो के प्रति युवाओं का उत्साह तथा लगाव बढ़ रहा है स्थानीय लोगो द्वारा जगह-जगह कराये जा रहे इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र के खेल प्रेमी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है अब युवा खुल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए लगातार आगे बढ़ रहे है उन्होंने कहा की हम सब को मिलकर इन्हे प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि हमारे क्षेत्र के युवा भी लगातार अभ्यास कर आगे बढ़ कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सके इस क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजन समिति द्वारा ग्रामीण महिलाओ का उत्साह वर्धन हेतु रस्सी खींच एवं मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओ ने बढ़-चढ़ कर उत्साह पूर्वक भाग लिया समिति द्वारा प्रतिभागी महिलाओ को पुरुस्कार भी प्रदान किया गया इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत वरदली के सरपंच अंतु तलाण्डी पूर्व सरपंच सुशीला तलाण्डी,सरपंच लिंगापुर मेकल संतोष,संजय मरपल्ली, वरिष्ठ शिक्षक मोरला किस्तैया,आयोजन समिति के अध्यक्ष महादेव तलाण्डी, कोराम शिवराम पटेल, राम कुमार मोरला,विजय दुर्गम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चिराग परियोजना :उद्यानिकी मित्रों को दिया जा रहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण



**कांकेर 22 दिसम्बर ।** चिराग परियोजना अंतर्गत उद्यानिकी मित्रों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आवासीय प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में 23 दिसम्बर तक उद्यान विभाग कांकेर के तत्वावधान में दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में विकासखण्ड नरहरपुर एवं चारामा के 40-40 उद्यानिकी मित्रों को 'पोषण सहायक तथा जलवायु अनुकूल बागवानी'' विषय पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि प्रशिक्षण में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा आधारित उद्यानिकी गतिविधियों, उद्यानिकी फसलों का उत्पादन, स्व सहायता समूहों एवं कृषक उत्पादक समूहों के माध्यम से उद्यानिकी फसलों का प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, विपणन एवं सामुदायिक बाड़ी विकास, टपक सिंचाई, व्यक्तिगत बाड़ी विकास, कुपोषण दूर करने में उद्यानिकी फसलों का योगदान आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही चिराग परियोजना अंतर्गत संचालित की जाने वाली गतिविधियों के लिए स्थल चयन, उद्यानिकी फसल प्रणाली, एकीकृत कृषि प्रणाली, बागवानी फसलों के होम स्टेड उत्पादन की अवधारणा, उद्यानिकी फसलों के लिए विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र, अजोला उत्पादन, वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन तकनीक, उद्यानिकी फसलों के कीट एवं रोग प्रबंधन, नर्सरी प्रबंधन की विस्तृत तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही है।

## किसान सम्मेलन में किसानों को पाम्पलेट का किया गया निःशुल्क वितरण

**राजनांदगांव 22 दिसम्बर ।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा नया कृषि उपज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग की पत्रिका सुशासन के नवीन आयाम, उदित छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ सरकार की एक साल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर आधारित पाम्पलेट का निश्शुल्क वितरण किसानों एवं आम नागरिकों को किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव की श्रीमती कौशिल्या सोनी ने शासन की महतारी सदन योजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बन जाने से महिलाओं को सुविधा मिलेगी। ग्राम धामनसरा से आए किसान श्री नम्मूराम पटेल ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के संबंध में जनसम्पर्क विभाग की टीम से जानकारी ली।

## मुख्यमंत्री का संदेश विष्णु की पाती पाकर किसानों ने जाहिर की खुशी

**राजनांदगांव 22 दिसम्बर ।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर आज विकासखंड मुख्यालय डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं छुरिया में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। किसान सम्मेलन में किसानों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से किसानों को लाभान्वित किया गया। किसान सम्मेलन में उन्नतशील किसानों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अधिकतम राशि प्राप्त करने वाले किसानों शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उद्यानिकी फसलों में अच्छा कार्य करने वाले उन्नतशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बीज वितरण, मत्स्य पालन विभाग के हितग्राहियों को आईस बाक्स प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का संदेश विष्णु की पाती किसानों को दी गई, जिसे पाकर किसानों ने खुशी जाहिर की। किसानों ने कहा कि किसान हितैषी सरकार किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत धान बोनस का भुगतान और 3100 रूपए की दर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी सराहनीय कार्य है।

## सांगमपल्ली पोटाकेबिन में न्योता भोज,एसडीएम,डिप्टी कलेक्टर हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भोपालपटनम, 22 दिसंबर।** कन्या आश्रम पोटाकेबिन संगमपली में न्योता भोज कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में एसडीएम यशवंत नाग डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके शरीक हुए।

न्योता भोंज कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों के साथ अधिकारियो नें भोजन किया। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के अध्यनरथ 300 बच्चों को पौष्टिक स्वादिष्ट भोजन दिया गया इस कार्यक्रम के भोजन में हरी सब्जीयाँ, पूरी, अचार, पापड़, मिठाईया बनाई गई। भोजन के बाद एसडीएम यशवंत नाग नें संस्था में शैक्षणिक स्तर, स्वच्छता, सुरक्षा निरीक्षण अवलोकन किया गया एसडीएम और मुख्य कार्यपालन अधिकारी नें बच्चों को न्योता भोज के फायदे पर प्रकाश डाला जिसमे समाज में अपनेपन कि भावना विकसित करना बच्चों के पोषक तत्वों में बढ़ोतरी शालाओं एवं समुदायो में आपसी तालमेल बढ़ाना और सामनता कि भावना विकसित होना बच्चों को रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ेगी। इसके साथ ही बच्चों को भोजन से प्रोटोकाल भी बताये गए स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखना ताज़ा गर्म भोजन खाना पैकेट आईटमो कि तिथियां की जांच करना प्लास्टिक की थैलियां से दूरी बनाना। इस तरह से आश्रम में निगरानी समिति के द्वारा खाद्य पदार्थो भोजन कि साफ सफाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। बच्चों को प्रोत्साहित करने एसडीएम और मुख्य कार्यपालन अधिकारी नें फल, पेन, कॉपीया, कम्पास बॉक्स व शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया बच्चों के साथ बात कर उन्हें अच्छी पढ़ाई करने व पढ़ाई में मेहनत करने को कहा गया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, एबीओ, संस्था के शिक्षक व बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

# नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर लगातार हो कार्रवाई:कलेक्टर



**रायगढ़, 22 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लॉ एण्ड आर्डर के संबंध में जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा कि दवाई दुकानों से बिना डॉक्टर की पर्ची के नशीली दवाईयों के विक्रय पर सख्ती से कार्यवाही करें। उन्होंने सभी ड्रग इंस्पेक्टर से बीते माह के दौरान की गई जांच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि ऐसी दवाएं जो नारकोटिक्स के अंदर आती है, इनका बिना पर्ची के बिकना, इनके स्टॉक में अंतर जैसे मामलों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर से कहा कि ऐसे मामले आते है तो तत्काल पुलिस को सूचना देते हुए कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री गोयल ने आबकारी विभाग को कहा कि अवैध शराब बिक्री के मामलों पर लगातार कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने आबकारी अधिकारी से कहा कि पूरे विभागीय अमले नियमित रूप से फिल्ड में कार्यवाही सुनिश्चित करवायें। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि पकड़े गए नशीले पदार्थों को विधिवत नष्ट करें। उन्होंने कहा कि युवाओं और स्कूल कॉलेज के छात्रों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए उन्हें भी नशीले पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया को दिखाएं। इस दौरान उन्हें नशे के दुष्परिणाम और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दें। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सड़क किनारे कच्चा माल, औद्योगिक उत्पाद परिवहन करने वाली गाडियों को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि ये गाडियां सड़क किनारे पार्किंग नहीं होनी चाहिए। इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ती है और दुर्घटनाओं की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने खासकर रायगढ़ से पूंजीपथरा-घरघोड़ा मार्ग पर वाहनों की पार्किंग को लेकर एसडीएम तथा ट्रेफिक डीएसपी को विशेष नजर रखने के लिए कहा। जो भी अवैध रूप से वाहन सड़क किनारे पार्क कर रहा है उस पर अनिवार्य रूप से कार्यवाही करें। उन्होंने परिवहन नियमों के उल्लंघन की जांच हेतु गठित संयुक्त दल को भी नियमित रूप से जांच और कार्यवाही करने के लिए कहा। नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारियों से कहा कि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सड़कों पर साईनेज रिफलेक्टर लगे होने चाहिए। उन्होंने शहर में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नगर निगम व ट्रेफिक पुलिस को मिलकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।बैठक में एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश कुमार मोर, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा, एसडीएम लैलूंगा सुश्री अक्षा गुप्ता सहित, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सोशल मीडिया में अफवाहों पर तुरंत उठाएं एहतियाती कदम**

कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों से कहा कि सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार के अफवाह और फेक न्यूज पर तुरंत संज्ञान लेकर वस्तु स्थिति स्पष्ट करें तथा एहतियाती कदम उठाएं। जिससे किसी प्रकार की लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द्र के लिए एहतियात बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए।धान खरीदी के दौरान लॉ एंड ऑर्डर को लेकर रहें अलर्टकलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि अभी धान खरीदी चल रही है। इस दौरान पूरे जिले में राजस्व और पुलिस अधिकारी लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था को लेकर अलर्ट रहें। अवैध धान परिवहन के मामलों पर नियमित रूप से कार्यवाही जारी रहनी चाहिए। इसके साथ ही खरीदी केंद्रों में किसानों से सुचारू ढंग से धान खरीदी हो यह सुनिश्चित किया जाए।

## एक नजर

### एसडीएम ने धान संग्रहण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**महासमुंद, 22 दिसम्बर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू ने शनिवार सुबह 10 बजे धान संग्रहण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न केंद्रों पर स्टेकवार आवक पंजी, समितिवार आवक पंजी, गेट पास और डीएम पर्चियों की गहन जांच की गई। उन्होंने सभी संग्रहण केंद्रों को सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक और राजस्व मंडी अधिकारी उपस्थित थे।मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए एसडीएम ने सभी समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि संग्रहित धान को सुरक्षित रखने के लिए स्टेक्स को तिरपाल से पूरी तरह ढंका जाए। निरीक्षण के दौरान सरना पॉइंट और मोटा पॉइंट का मिलान पंजी से किया गया। एसडीएम ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुरूप हों और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। उन्होंने समिति प्रबंधकों को समय पर सभी दस्तावेज तैयार रखने और किसानों की सुविधा का ध्यान रखने का निर्देश दिया।

### सुशासन सप्ताह में सिंघनपुर एवं भिथीडीह में जन चौपाल सह समस्या निवारण शिविर का आयोजन



**महासमुंद, 22 दिसम्बर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में बसना जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम सिंघनपुर और पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत भिथीडीह में सुशासन सप्ताह के तहत जन चौपाल सह समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान और प्रशासन व जनता के बीच संवाद को सशक्त बनाना था।कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला प्रशासन के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, बिजली, सड़क, और राशन जैसी बुनियादी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान मौके पर किया गया। शिविर में महिला सशक्तिकरण, कृषि योजनाओं और स्वरोजगार के विषयों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभ लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने का आश्वासन दिया। यह शिविर सुशासन की अवधारणा को मूर्त रूप देने और शासन-प्रशासन को जमीनी स्तर तक ले जाने का प्रयास था। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और इसे समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बताया।

### जंघोरा के शिविर में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रमिक



**महासमुंद, 22 दिसम्बर।** सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन कर जनसामान्य को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित एवं हितग्राहियों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जंघोरा में पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।शिविर में कुल 32 श्रमिकों का नया पंजीयन किया गया। 6 श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, श्रमिक सुरक्षा एवं शिक्षा सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही श्रमिकों को उनके अधिकारों और सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर सभी श्रमिकों ने सरकार की नीतियों की प्रशंसा की और अपने पंजीकरण से संबंधित समस्याओं का समाधान भी पाया।

### विष्णु की पाती आवासीय स्वाभिमान की ओर एक नई पहल



**महासमुंद, 22 दिसम्बर।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ब्लॉक महासमुंद में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और जनमन आवास योजना के लाभार्थियों तक मुख्यमंत्री का विशेष संदेश 'विष्णु की पाती' के माध्यम से पहुंचाया गया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य हितग्राहियों को योजनाओं की उपलब्धियों और राज्य सरकार की जनहितैषी सोच से अवगत कराना है।मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में आवास निर्माण में मिली सफलता पर हितग्राहियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'विष्णु की पाती' के माध्यम से उन्होंने सभी नागरिकों के लिए आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित किया।

# सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर किया किसानों का सम्मान



**महासमुंद,22 दिसंबर।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर एवं सुशासन सप्ताह अंतर्गत स्थानीय अम्बेडकर भवन में वृहद कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बतौर अध्यक्ष शिरकत की। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष संदीप दीवान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, राज्य युवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, प्रकाश शर्मा, मुन्ना साहू, कलेक्टर विनय लंगेह, अपर कलेक्टर रवि राज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैंकरा, सहकारी समितियों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

सम्मेलन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई ने हमे छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी, लेकिन शुरूआती 3 साल में विकास नहीं हो पाया। पश्चात तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राज्य को संवारने का कार्य किया। राज्य आज विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। नए राजधानी की नीव भी उसी दौरान रखा गया, जिसे अन्य राज्यों से लोग देखने आते हैं। राज्य ने 2018 तक राज्य ने खूब तरक्की की। पश्चात 5 साल फिर राज्य में विकास की गति धीमी हो गई। अभी फिर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार राज्य को विकसित बनाने में कार्य कर रहे है। अभी हमारा राज्य 24 वर्ष का हो गया है। रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष संदीप दीवान ने कहा कि सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। हमारी सरकार किसानो के हित के लिए लगातार कार्य कार्य रही है। सभी की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न आंकड़ों से सरकार की उपलब्धि को बताया। उन्होंने कहा कि आगामी साल 2047 तक हम विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे।

इस अवसर पर किसानों का शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि सरकार के मंशानुरूप प्रशासन किसानो के लिए कार्य कर रही है। जिले में धान खरीदी सुचारु रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप अभी तक 4 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। अभी तक 90 हजार किसानों ने धान बेचा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत भी किसान लाभान्वित हो रहे हैं। मृदा परिक्षण के लिए भी किसानों को जागरूक किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन सप्ताह अंतर्गत जन चौपाल और शिविरों जैसे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। किसानों को एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध वितरण किया गया।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमितशाह के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**बीजापुर, 22 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार आज जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी को लेकर संसद में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया है।

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई आपत्तिजनक व अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी तरह बीजापुर में भी लगातार गृह मंत्री अमित शाह की इस्तीफ़ा की मांग को लेकर शुक्रवार को भी हाथों में बैनर और पोस्टर लिए प्रदर्शन किए है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि अमित शाह के द्वारा की गई टिप्पणी से हमारे संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की अदित्वीय विरासत का अपमान किया है और लाखों लोगो की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। वहीं बीते 19/12/2024 को भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला मुख्यालय बीजापुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफा की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया था। जिला मुख्यालय बीजापुर में कांग्रेस भवन के सामने विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम,जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतीया ऊद्दे,नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर,पार्षद प्रवीण डोंगरे,पार्षद कविता यादव,जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री,युवा कांग्रेस मनोज अवलम,युवा कांग्रेस एजाज खान,इदरीश खान,महेश बेलसरिया,वीरेंद्र ठाकुर,राजा गुप्ता,रोहित ठाकुर,जग्गी के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता रहे मौजूद।

# सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर सेना ने सर्किट हाउस में सफाई अभियान चलाया



**रायगढ़, 22 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशा और नगर सेना नागरिक सुरक्षा मुख्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार सुशासन के एक साल पूर्ण होने के अवसर पर जिला सेनानी श्री बी.कुजूर के मार्गदर्शन में नगर सेना के जवानों ने सर्किट हाऊस परिसर रायगढ़ में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नगर सेना के 50 जवान शामिल थे।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छत्तीसगढ़ को स्वच्छ एवं स्वस्थ राज्य के रूप में विकसित करना था। अभियान के दौरान प्लास्टिक कचरे का निपटान, सूखे और गीले कचरे का अलग-अलग प्रबंधन और स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह सफाई अभियान छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन और स्वच्छता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शासन का मानना है कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से न केवल स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी आता है। नगर सेना के जवानों ने स्वच्छता अभियान के माध्यम से लोगों को संदेश दिया कि स्वच्छ और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ 232 लोगों ने उठाया

**रायगढ़, 22 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन व सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में रायगढ़ में निक्षय निरामय छ.ग.100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 7 दिसंबर से शुभारंभ किया गया है। अभियान के तहत 19 दिसम्बर 2024 को मोदी नगर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रातः 10 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आये हुए मरीजों का चिकित्सक/कर्मचारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क लैब जांच एवं दवा वितरण किया गया। शिविर के अंतर्गत 189 लोगों का एन.सी.डी. के अंतर्गत परीक्षण किया गया। जिसमें बी.पी 35 तथा मधुमेह जाँच में 24 नये मरीज चिन्हांकित हुए।



इसी तरह 25 लोगों का नेत्र जांच एवं 60 लोगों का टी.बी तथा कुष्ठ जांच किया गया। शिविर में कुल 232 लोग लाभान्वित हुए। शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य मितानिन सम्मेलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिविर में आये हुए 21 मरीजों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया जिनमें से 08 लोग 70 से अधिक उम्र के थे।

## एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड में जांच के बाद की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**रायगढ़, 22 दिसम्बर।** मेसर्स एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड, ग्राम व पो.-जामगांव, रायगढ़ में बीते दिनों हुए दुर्घटना में एक व्यक्ति के मृत्यु के संबंध में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा प्लांट की जांच की गई। जिसमें मजदूरों की सुरक्षा को लेकर इंतेजाम में खामियां पाए जाने पर श्रमिकों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कारखानें के रोलिंग मिल (टीएमटी मिल) को निर्माण प्रक्रिया संचालित करने हेतु उपयोग में लिये जाने के लिये प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने उद्योगों में श्रमिकों की सुरक्षा में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री मनीष श्रीवास्तव उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने बताया कि औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं उप मुख्य कारखाना निरीक्षक, छ.ग. शासन रायगढ़ द्वारा कारखाने के अधिभोगी-श्री प्रदीप कुमार डे एवं कारखाना प्रबंधक-श्री बी.के. सिंह को कारखाने के रोलिंग मिल (टीएमटी मिल) को निर्माण प्रक्रिया संचालित करने हेतु उपयोग में लिये जाने के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तब जक जारी रहेगा ज।

# संघ ने पेंशनर्स डे और वार्षिक महोत्सव मनाया



**बीजापुर, 22 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डा. डी पी मनहर जी की अध्यक्षता में बड़े हर्षोल्लास के साथ 23 वी वार्षिक प्रांतीय पेंशनर्स डे एवं सम्मान समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ सर्व प्रथम पेंशनरों द्वारा बाजा गाजे के साथ छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिंदाबाद, जिंदाबाद। 17 दिसंबर पेंशनर्स डे जिंदाबाद, जिंदाबाद।हमारी चट्टानी एकता जिंदाबाद, विधायक महोदय बंगला होते हुए मंगल भवन वापस लौटे तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा पेंशनधारी कल्याण संघ 1881 का ध्वजारोहण किया गया और सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना की गई। उसके बाद मुख्य अतिथि महोदय जी का फूल मालाऔ से भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात श्रीमती बी पुष्पाराव, श्रीमती जे परते, श्रीमती चंद्रकांता राव, श्रीमती चंद्रावती सापड़ी ने स्वागत गीत गाया। श्री एस पी विश्व कर्मा जी जिला अध्यक्ष कोंडागांव द्वारा स्वागत गीत के साथ गुटबाजी में न फंसों ऐ भैया, गुटबाजी बेमानी है गीत गाकर संघ को मजबूत बनाने पर बल दिया भारत टेक्नो इंग्लिश मीडिया स्कूल बीजापुर के छात्र छात्राओं द्वारा हिंदी और छत्तीसगढ़ी डांस किया, छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से लोगों का मन जीत लिया, खूब तालिया बटोरी और प्रोत्साहन स्वरूप खूब धन प्राप्त किए प्रति वर्ष 17 दिसंबर को ही क्यों पेंशनर्स डे मनाया जाता है? इस संबंध में वक्ताओं में उप प्रांताध्यक्षों में श्री के के द्विवेदी जी जगदलपुर, श्री कृपाशंकर मिश्रा जी धमतरी, डा आर एम चावड़ा जी एवं प्रांताध्यक्ष डा डी पी मनहर जी ने पेंशनरों के हित में सारगर्भित शब्दों में जानकारियां दी गई। तत्पश्चात प्रांताध्यक्ष डा डी पी मनहर जी ने छै सूत्रीय मांग पत्र का जिक्र करते हुए मांग पूर्ण करने माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम का ज्ञापन मुख्य अतिथि माननीय महेश गागड़ा जी पूर्व वन मंत्री को ज्ञापन सौंपा मुख्य अतिथि ने पेंशनरों की जायज मांगों को पूर्ण करने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी को अवगत कराने की बात कही साथ ही पेंशनरों को स्वस्थ रहने, दीर्घायु होने की मंगलकामनाएं दी इस आयोजन में जिलाध्यक्षों में, श्री के के द्विवेदी जी जगदलपुर, श्री कृपाशंकर मिश्राजी धमतरी, डा आर एम चावड़ा जी बालोद, श्री एस पी विश्वकर्मा जी कोंडागांव, श्री के एल बरेठ जी रायगढ़, श्री जवाहर गुप्ता जी जांजगीर चांपा आदि बड़ी संख्या में पेंशनर्स भाई, बहनों ने भाग लेकर पेंशनर्स डे को सफल बनाया।

इस कार्यक्रम में एक सौ एक 80 वर्ष से ऊपर वालों को साल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उप संचालक समाज कल्याण विभाग जिला बीजापुर श्री कमलेश कुमार पटेल जी द्वारा 80 वर्ष वालों को मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।अंत में प्रांताध्यक्ष डा डी पी मनहर जी के कर कमलों द्वारा पेंशनरों के हित में बेहतर कार्य करने वाले संघ के पदाधिकारियों को प्रांतीय अवार्ड मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा के अंत में जिला अध्यक्ष एवम उप प्रांताध्यक्ष डी एस राम ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को फूल माला पहनाकर पेंशनर्स डे एवं सम्मान समारोह को सफल बनाने, पेंशनरों के हित में जानकारियां दी गई विशेष डी आर यादव जी अध्यक्ष तहसील शाखा पत्थलगांव जिला जशपुर एवं श्री पवित्र मोहन बेहरा जी द्वारा बीजापुर में आयोजित कार्यक्रम में संतोष व्यक्त करते हुए जिला शाखा बीजापुर को पांच हजार रुपए नगद देकर पुरस्कृत किया गया पत्तलगाव के पेंशनर्स भाई, बहनों को जिला अध्यक्ष डीएस राम एवं जिला इकाई बीजापुर द्वारा धन्यवाद, साधुवाद, आभार व्यक्त किया गया ।

# जिले के किसानों को मिली मुख्यमंत्री साय की पाती



रायगढ़, 22 दिसम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी किसानों को पत्र लिखकर राज्य सरकार की कृषक हितैषी नीतियों के निर्माण और उसके क्रियान्वयन को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता जाहिर की है। रायगढ़ जिले में 21 दिसंबर को सभी उपार्जन केंद्रों में हमारा गर्व धान खरीदी का महापर्व का आयोजन किया गया।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों को संबोधित अपने पत्र में लिखा है कि अन्नदाता किसान भाईयों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले साल शपथ ग्रहण के एक पखवाड़े के भीतर ही हमने धान के दो वर्ष के बकाया बोनस की राशि देने के साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के मुताबिक हमने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा। परिणाम स्वरूप पिछले वर्ष रिकार्ड कीमत पर, रिकार्ड समय में, रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। बीते खरीफ सीजन में हमने किसान भाईयों के खाते में करीब 49 हजार करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि मैं अपने किसान भाईयों को उनकी मेहनत और उपज का वाजिब मूल्य दिला पा रहा हूं। कृषि को समृद्ध और उन्नत बनाने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने ही कृषि के बजट में वृद्धि की है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत का यह सपना अन्नदाताओं को समृद्ध बना कर ही पूरा होगा। किसानों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा भेजी गई पाती का वितरण आज पूरे जिले में किया गया। खरसिया ब्लॉक के नन्दगांव के किसान संगीत राठिया ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का पत्र मिलने पर हर्ष जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार द्वारा लगातार कृषक हितैषी नीतियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश कृषि प्रधान है। सरकार इसका ध्यान रखते हुए किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछली बार उन्होंने 133 क्विंटल धान बेचा था। जिसमें मुझे समर्थन मूल्य में 2 लाख 90 हजार 775 और कृषक उन्नति योजना से 1 लाख 22 हजार 144 सहित कुल 4 लाख 12 हजार 919 रुपए मिले। उक्त राशि से मैने एक रोटावेटर खरीदने और नलकूप खनन करवाने के साथ ही खाद बीज दवाई खरीदने में किया। कुछ पैसे बच्चों की पढ़ाई में लगाए। कृषक उन्नति योजना से हम जैसे किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम देकर सरकार हमारे आर्थिक सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। इसी प्रकार महापल्ली के किसान छबिलाल गुप्ता ने कहा कि सरकार ने अपना वादा निभाया है और 31 सौ रुपए के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी की जा रही है। यह किसानों के लिए खुशी की बात है। इससे किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछली बार उन्होंने 3 एकड़ में धान बेचा था। उन्हें कृषक उन्नति योजना से 56 हजार बोनस की राशि मिली। समर्थन मूल्य के अतिरिक्त मिली यह राशि खेती किसानी के कार्य को आगे बढ़ाने में काम आ रही है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा एक साल पूरे होने पर %सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल' कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले की सभी सहकारी समितियों एवं उपार्जन केन्द्रों में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां किसानों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा भेजी गई पात्री का वितरण किया गया। इस दौरान राज्य शासन द्वारा संचालित कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

## उद्योगों के रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग में दोनों तरफ डस्ट सफाई कार्य प्रारंभ

**रायगढ़, 22 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव गत दिवस अपने एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास के दौरान जिले के औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्योगों के रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग के दोनों तरफ डस्ट जमाव से परिवहन के दौरान फ्युजिटिव उत्सर्जन होने पर प्रभावी नियंत्रण हेतु उद्योगों के रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग के दोनों तरफ 250-250 मीटर की सफाई कराते हुये नियमित जल छिड़काव किये जाने के निर्देश दिये थे।

# गुरु प्रकाश पर्व पर खुशवंत साहिब ने जगत कल्याण की कामना की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 22 दिसम्बर।** सत्य ही मानव का आभूषण है का पावन संदेश देने वाले परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास के 268वीं जयंती पर सतनामी पारा आरंग वार्ड क्रमांक 14 में आयोजित गुरु प्रकाश पर्व में मुख्य अतिथि के रुप में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहिब शामिल हुआ। गुरु धर्म का निर्वाहन करते हुए परम् पूज्य बाबा का स्मरण कर शेतखाम की पूजा अर्चना कर समस्त जगत के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित समस्त मानव समाज का अभिवादन स्वीकार कर सभी को सुभाशिष प्रदान किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष गणेश बांधे, खेमलाल खेलवार टिकेशवर गिलहरे दशरथ पुरैना डॉ विष्णु भारद्वाज, शिव खेलवार, राजेश भीमफोर, नंदकुमार ढ़ीढ़ी, पन्ना जांगड़े, रितेश खेलवार सोनू घृतलहरे गोलू खेलवार ब्रजमोहन खेलवार, नोहर टंडन, दीपक जांगड़े, विनोद साहू, सामाजिक एवं भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं समाजजन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### वार्डों के आरक्षण के बाद जनप्रतिनिधि हुए सक्रिय



**सिमगा, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका शिमला के 15 वार्डों के आरक्षण पश्चात जनसेवक पार्षद हेतु अपनी अपनी जमीन तलाश में जुटे हुए हैं मतदाता सूची में अपने अपने पक्ष के मतदाताओं से संपर्क एवं एक दूसरे से मेल मिलाप साथी होटल ढाबा में चौराहों पर नगरी निकाय चुनाव की चर्चा जोर पकड़ते जा रही है। वहीं महिला एवं सुरदीव वार्डो के नाम में जनसेवक नया जगह की तलाश में जुटे हैं आने वाला समय मतदाताओं को रिझाने वालों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने की ढाबों की सघन जांच




**बलौदाबाजार, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के विभिन्न ढाबों में सघन जांच किया। साथ ही मौके से सैंपल जब्त कर जांच के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इसके साथ ही 3 ढाबों को नोटिस जारी किया गया। जिसमें ताज ढाबा, नाज ढाबा, राम भरोसा ढाबा शामिल है।जिला कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार बलौदाबाजार में अपना ढाबा रायपुर रोड, पटेल ढाबा रायपुर रोड, नेताजी ढाबा रायपुर रोड, पुराना अपना ढाबा सकरी, शमा मुरादाबाद अम्बेडकर, सिमगा तहसील में ताज ढाबा, नाज ढाबा राम भरोसा ढाबा, शेर ए पंजाब ढाबा, अपना ढाबा 3 सैंपल जब्त एवं नोटिस, नेताजी नोटिस, पुराना अपना ढाबा सकरी 2 सैंपल शमा मुरादाबादी 3 सैंपल भेजे गए है। सैंपल जब्त कर राज्य परीक्षण प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया है रिपोर्ट मिलते ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

■ **सैंपल जब्त कर जांच के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा, 3 ढाबों को नोटिस**

### अनुदान की राशि का निजी ऋण के एवज में समायोजन करने पर होगी कार्रवाई



**बलौदाबाजार, 22 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने दो टूक कहा है कि सरकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को दिए जा रहे अनुदान राशि का समायोजन उनके द्वारा निजी तौर पर लिए गए बैंक ऋण के विरुद्ध नहीं किया जायेगा। यदि कोई बैंक ऐसा करते पाया गया तो उनके खिलाफकठोर कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कुछ बैंकों द्वारा ऐसी हरकतों की शिकायत मिलने पर इस आशय के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैंकों द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण देने में रुचि नहीं दिखाने पर बैंक अधिकारियों को फटकार भी लगाई है। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता और एलडीएम बिनाय राय चौहान विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर सोनी ने परामर्शदात्री समिति की तिमाही समीक्षा बैठक में बैंकों के काम-काज और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति की बैंकवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बैंक लोन का प्रवाह ग्रामीणों और किसानों की ओर प्राथमिकता से ज्यादा होने चाहिए। रिज़र्व बैंक के इस सम्बन्धी दिशा-निर्देशों

■ **अज़ा-जज़ा युवाओं को ऋण देने में ढिलाई एवं शासकीय योजनाओं में रुचि नहीं लेने पर बैंक अधिकारियों को लगाई फटकार**

## महिला आयोग ने की 30 प्रकरणों की सुनवाई

# अनावेदक हेडमास्टर को आवेदक पत्नी के भरण पोषण के लिए देना होगा हर महीने 20 हजार

■ **महिला आयोग कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भेजेगा अनुशंसा पत्र**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 22 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्यगण लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया, सुश्री दीपिका सोरी एवं ओजस्वी मंडावी ने शुक्रवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजारमें महिला उत्पीडन से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर में 300वीं एवं जिला स्तर में 8वें नम्बर की सुनवाई हुई। बलौदाबाजार जिला की आज की सुनवाई में कुल 30 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे।

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में अनावेदक शासकीय सेवक है जिनकी पोस्टिंग बम्हनमुडी प्राथमिक शाला में है। उनके दो पुत्र है अनावेदक को 58 हजार मासिक वेतन मिलता है। लगभग 3 साल से आवेदिका से अलग रहता है और उसे कोई भरण पोषण नहीं देता है। अनावेदक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता अनावेदक उसकी मां आवेदिका के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार करते है और नशे के आदि है तथा मां के सामने ही दूसरी औरतों को घर में ले आते है। उनका बेटा सिविल इंजिनियर है और अपनी मां को अपने पिता से होने वाली मारपीट से बचाने के कारण बाहर में मिल रही है (लेकिन अपनी मां की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए) नौकरी नहीं कर पा रहा है। अपने पिता के दुर्व्यवहार के कारण 03 साल से लीवर की बिमारी से परेशान है। आवेदिका के दानों बेटे के नाम पर रिहायसी मकान व खेत को वसीयत किया था जिसका कागज अनावेदक के पास है और आज तक शासकीय अभिलेखों में नाम दर्ज नहीं हो पाया है उन मकानों का किराया पुत्र को प्राप्त हो रहा है जिससे वे अपना खर्च चला रहे है। अर्जुनी बस स्टैण्ड में 04 दुकान है जिनसे 12 हजार रू. अनावेदक लेता है और 58 हजार शासकीय वेतन मिलता है व लगभग 8-9 एकड़ खेती का पैसा भी अनावेदक खुद रखता है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत व्यवसाय भी करता है। अनावेदक का कथन था कि वह बच्चों की पढाई का खर्च उठा रहा है और लोन में पैसा कटता है तथा मकान का किराया आवेदिका को 15 हजार मिलता है इसलिए वह आवेदिका को पैसा नहीं देता है। आयोग के द्वारा उभय पक्षको विस्तारसे सुना गया लेकिन अनावेदक अपनी गलती को मानने को तैयार नहीं हुआ। अनावेदक को लगभग 70 हजार की आमदनी हो रही है और आवेदिका को कोई भी धनराशि नहीं दे रहा है आवेदिका अपने बेटे के उपर आश्रित है ऐसी दशा में यह पाया गया कि आवेदिका 20 हजार रू प्रतिमाह भरण पोषण की हकदार है। आवेदिका और उसके दोनों बेटे का नाम सर्विस बुक में भी दर्ज है इस आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार और जिला कलेक्टर बलौदाबाजार को आयोग की ओर से विस्तृत पत्र भेजा जायेगा और साथ ही आर्डरशीट की प्रति भी भेजी जायेगी और आयोग इस प्रकरण में यह अनुशंसा करती है कि आवेदिका को अनावेदक के वेतन से सीधे 20 हजार रू प्रति माह आवेदिका के खाते में दिया जाये। इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

अन्य प्रकरण में अनावेदक एवं आवेदिका के बीच सुलह हो चुकी है आवेदिका ने कहा कि दो शिक्षकों को अलग कक्ष दिया गया है जो सबके साथ अडजेस्ट नहीं होती है। उनके कारण समस्या बढ़ रही है। अनावेदक का कहना है कि वो दो शिक्षिकाये फिर शिकायत करने की धमकी देती है इस पर आयोग ने निर्देशित किया है कि उन दोनों शिक्षिकाओं की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से करें।अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि वह दीवानी मामला कोर्ट में जीत चुकी है परंतु अनावेदक ने उसकी जमीन पर कब्जा कर रखा है। जिस पर अनावेदक ने बताया कि उसकी जमीन का खसरा नम्बर अलग है इस स्तर पर दोनों पक्षों को समझाईश दी गई कि वह पुनः सीमांकन का दावा करें व अपना-अपना खसरा नम्बर चिन्हांकित करावे।अन्य प्रकरण में आवेदिका अपने पति को बचाने के लिए अनावेदिका के खिलाफ शिकायत की है। अनावेदिका ने बाताया कि वो आवेदिका को नहीं जानती है लेकिन उसके पति ने अनावेदिका के खिलाफकई जगह शिकायत किया है। जिसमें शिकायत झूठी पाई गई है। आवेदिका के पति को अनावेदिका के शासकीय पद में रहने पर भी पार्टनरशिप में ऐतराज है तो इसकी जांच के लिए अलग से फोरम है जहां आवेदिका शिकायत कर सकते हैं आयोग महिला की समस्या का समाधान करने के लिए है पति की समस्या के लिए नहीं है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है।

# मुरारी मिश्रा ने पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों के साथ शराब के खिलाफ उठाई आवाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 22 दिसम्बर।** प्रातः ग्राम गोढ़ी एस में महामाया का पूजा अर्चन करने के बाद ग्रामीण जनों के जो शराब के खिलाफगांव में आवाज उठाते हैं एवं नशा के खिलाफ है उनका श्रीफल से सम्मान किया तत्पश्चात ग्राम गोड़ी एस गांव में जनसंपर्क करते हुए शराब बंदी की मांग को लेकर और अवैध शराब के खिलाफ नारे-बाजी करते हुए ग्रामीणों को संबोधित किया।

इस दौरान ग्रामीणों से यह पता चला कि ग्राम गोड़ी है इसमें 10-12 कोचियां अवैध शराब बेचते हैं और ऐसा शराब बेचते हैं जैसे कोई सब्जी भाजी बेच रहा है या ठेला में फल बेच रहा है शासन प्रशासन की मिली भगत के बिना यह सब अवश्य शराब बेचना संभव नहीं है मुरारी मिश्रा ने अपने सम्बोधन में शासन-प्रशासन से निवेदन किया कि तुरंत 24 घंटा के अंदर जो कोचिया अवैध शराब बेच रहे हैं उनको गिरफ्तार करें उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई करें और ऐसे धारा लगाकर उनका जेल भेजे ताकि उनका कम से कम 6 महीना जमानत या कोई सुनवाई न हो और अंत में मुरारी मिश्रा ने ग्रामीणों से कहा कि शराब से हमको बचाना पड़ेगा हमारे परिवार को बचाना होगा तभी बच्चों का भविष्य सुंदर बनेगा बच्चे पढ़-लिखाकर बड़े आदमी बनेंगे और गांव में जब शांति रहेगी तभी गांव खुशहाल रहेगा और गांव के लोग आगे बढ़ पाएंगे। उसके बाद पदयात्रा सिंगारपुर मौली पहुंची जहां पर भी 6-7 वहां के लोगों का सम्मान हुआ माँ मावली का दर्शन करने के बाद पदयात्रा लेवई, अकलतरा की ओर आगे बढ़ गया।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर कठिया को कायाकल्प पुरस्कार



**तिल्दा-नेवरा, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कर कमलों से कायाकल्प पुरस्कार भारतीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के विस्तार के रूप में स्वच्छता, सफाई और संक्रमणः नियंत्रण को बढ़ावा देने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को मान्यता देने के लिए दिया जाने वाला एक पुरस्कार है। इस पुरुस्कार से विकासखंड तिल्दा के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कठिया तिल्दा को छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरुस्कार प्रदान किया गया विकासखंड तिल्दा स्वास्थ्य परिवार को बधाई दी है।

## समाचार संक्षेप

### सेंचुरी सीमेंट स्कूल बैकुंठ में आनंद मेला का आयोजन



**बैकुंठ (तिल्दा), 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समीपस्थ क्षेत्र के अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के सेंचुरी हिन्दी माध्यम स्कूल मे आज 21 दिसंबर दिन शनिवार को क्राफ्ट एवं रंगोली प्रतियोगिता के साथ साथ आनंद मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ एच आर फंशनल हेड देबाशीष चौधरी जी, के अगुवाई में राजीव सिंघल एफएच टेक्निकल , व अशोक सिन्हा एफएच माइंस सपत्नीक उदय लाल डी एच ई आर, रविंदर सिंह भाटिया, अनिल गुप्ता, पंकज राठी के आलावा बहुत से अधिकारी गण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में स्वयं सिद्धा महिला मंडली की उपाध्यक्षा अपरूपा रॉय चौधरी अपनी कमेटी की अन्य सदस्यों के साथ कार्यक्रम में शरीक हुई। साथ ही पालक समिति के सदस्य एवँ अन्य अभिभावक अपने बच्चों की प्रतिभा देखने कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों के द्वारा विधिवत पूजन कर फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात यहा के स्कूली बच्चो की बनाई रंगोली, क्राफ्ट एवँ व्यंजनों का आनंद लेकर सभी ने उनकी प्रतिभा एवँ अनुशासन की तारीफकी। वही आनंद मेले में विविध प्रकार के रोमांचक प्रदर्शनी व खाने पीने की चीजे बहुत ही सुंदर रहा है।

### मुख्यमंत्री साय की पाती पाकर गद्गद् हुए क्षेत्र के किसान




**बलौदाबाजार, 22 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सभी विकासखण्ड मुख्यालयों एवं 161 सहकारी समितियों तथा धान उपार्जन उप केन्द्रों में कृषि एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि एवं समवर्गीय विभागों के द्वारा विभिन्न केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। साथ ही प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा के वैज्ञानिकों द्वारा रबी फसलों हेतु कीटव्याधि नियंत्रण के उपाय एवं सम-सामयिक तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम विकासखण्ड बलौदाबाजार के धान उपार्जन केन्द्र (कृषि उपज मण्डी परिसर) बलौदाबाजार में मुख्य अतिथि माननीय मंत्री खेलकूद एवं युवा कल्याण तथा आपदा प्रबंधन के प्रतिनिधि के रुप में मदन वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित हुए। विकासखण्ड पलारी में धान उपार्जन केन्द्र (कृषि उपज मण्डी परिसर) पलारी में किसान सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में योगेश चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, खिलेन्द्र वर्मा जनपद अध्यक्ष पलारी, विपीन बिहारी वर्मा, तेजराम वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। विकासखण्ड भाटापारा में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गोढ़ी 'टी' में माननीय शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, श्रीमति भागमति ध्रुव जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार, युगलकिशोर साहू अध्यक्ष सहकारी समिति गोढ़ी 'टी' उपस्थित हुए। विकासखण्ड सिमगा के धान उपार्जन केन्द्र (कृषि उपज मण्डी परिसर) सिमगा में अनिल पाण्डेय, श्री केजुराम बघेल एवं विकासखण्ड कसडोल के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, मोहतरा में माननीय डॉ. सुदीप दास मानिकपुरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सहकारी समिति के अध्यक्ष, सदस्य, प्रबंधक एवं कृषकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बलौदाबाजार मंडी परिसर में आयोजित किसान सम्मेलन में कृषि विभाग द्वारा 31 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रशस्ति पत्र, 3 किसानों को किसान समृद्धि योजनान्तर्गत चेक वितरण, 20 किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड वितरण, 5 किसानों को मूंग बीज का वितरण, मत्स्यपालन विभाग द्वारा 2 मछुवारा समितियों को जाल, 7 हितग्राहियों को आईस बॉक्स, उद्यान विभाग द्वारा 10 किसानों को पौध वितरण वितरण विकासखण्ड स्तर एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किया गया।

■ **सुशासन सप्ताह अंतर्गत सभी विकासखंडों में किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन**

■ **किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक से अवगत कराया गया**

■ **हितग्राहियों को विभिन्न सहायक सामग्री का किया गया वितरण**

## पीएमश्री स्कूल कसडोल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

# सामुदायिक भागीदारी से बच्चों को मिल रहा पौष्टिक आहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 22 दिसम्बर।** बलौदाबाजार जिला के नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल में दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन को पीएम स्कूल की व्याख्याता तरणजीत सलूजा ने अपनी जन्मदिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों को न्योता भोज कराई। इस अवसर पर पीएम स्कूल के प्राचार्य और समस्त शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बच्चों के साथ न्योता भोज का आनंद लिया। और सभी बच्चों और शिक्षकों ने मैडम को जन्मदिन दिवस की शुभकामनाएं दिए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री शक्ति भोज योजना के अंतर्गत बच्चों को सामुदायिक भागीदारी से ज़्यादा पौष्टिक आहार देने हेतु इस योजना की शुरुआत किया गया है, यह पूरी तरह से स्वेच्छिक है और कोई भी व्यक्ति, समुदाय, प्रतिनिधिगण, व्यवसायी या सामाजिक संगठन किसी भी खास अवसर जैसे जन्मदिन, वर्षगांठ, विवाह, जैसे शुभ अवसर पर स्कूलों में जाकर न्योता भोज का आयोजन कर सकता है। इसके अलावा अन्य खाद्य सामग्री मिष्ठान्न भी दे सकते हैं। इसके साथ ही न्योता भोज मिड डे मिल के अतिरिक्त व्यवस्था के रूप में आयोजित किया जाता है जिसमें बच्चो को पौष्टिक भोजन दिया जाता है। संस्था के प्राचार्य ने आम नागरिक, प्रतिष्ठित व्यक्ति, प्रतिनिधिगण एवं अन्य समुदाय संस्था के लोगों को आमंत्रित किए है, न्योता भोज के लिए। ताकि बीच बीच में बच्चों के बीच एक अलग वातावरण बन सके और अपनी खुशियां इन बच्चों के बीच बांट सके। इस आयोजन के लिए प्राचार्य संतोष वर्मा ने व्याख्याता तरनजीत सलूजा को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए आभार प्रकट किया।

### पीएमश्री स्कूल कसडोल में अभिभावक बैठक आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 22 दिसम्बर।** पीएमश्री स्कूल कसडोल में हुआ अभिभावक बैठक का आयोजन। नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल कसडोल में दिनांक 21 दिसम्बर 2024 को अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्र - छात्राओं की सभी अभिभावकगण बैठक में उपस्थित हुए और उन्हें कक्षा शिक्षकों के द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा की परिणाम की जानकारी विषयानुसार प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त पालकों का बैठक रखा जाता है ताकि उन्हें भी बच्चों की परीक्षा परिणाम की जानकारी हो और कुछ बच्चों में पढाई के समय आने वाली दिक्कतों के बारे में भी पालकों से विचार विमर्श भी किए जाते हैं। साथ अभिभावकों से बेहतर पढाई हेतु सुझाव भी लिए जाते है। इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य और समस्त शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र 202411092100024
अ/6 (अ) वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धृतराष्ट्र वर्मा आ. पुनऊ वर्मा जाति लोधी, निवासी ग्राम व पो.- पारागांवखुर्द तह डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के आधिपत्य एवं स्वामित्व मे ग्राम पारागांवखुर्द प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) मे कुल खसरा 6 कुल रकबा 1.781 हेक्टर आन लाईन मे दर्ज हैं जबकि खसरा नं. 122 का रकबा 0.178 दर्ज किया गया हैं वह 0.251 हेक्टर होना चाहिए था परन्तु रकबा 0.073 हेक्टर भूमि आनलाईन में कम दिखा रहा हैं। आवेदक के उपरोक्त भूमि खसरा नं. 122 का रकम आन लाईन में कम दर्ज होने से आवेदक को काफी परेशानी हो रही हैं इसलिए आवेदक उपरोक्त 'भूमि का कब्जा के आनलाईन मे बड़ाते हुए रिकार्ड दुरूस्त करना चाहता हैं। आवेदक की उपरोक्त भूमि खसरा नं. 122 का कब्जा के अनुसार रकबा बढाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 23.12.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

एक नजर

## चेम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से की मुलाकात



**रायपुर, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर के प्रतिनिधि मंडल ने डॉ. लाल उम्मेद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर से सौजन्य मुलाकात की तथा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।
इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, उपाध्यक्ष- कन्हैया गुप्ता, नरेन्द्र हरचंदानी, जय नानवानी, मंत्री-नीलेश मूंधड़ा, शंकर बजाज, राजेन्द्र खटवानी, प्रशांत गुप्ता, जयंत मोहता, युवा चेम्बर उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, जयराज गुरुनानी सहित विक्रम केवलानी, ठाकुरदास लुल्ला, विजय चैधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## रमेशचंद्र बने मीडिया प्रभारी



**रायपुर, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन कॉन्सिल के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा व महासचिव बृजेश पाण्डेय की अनुशंसा पर रमेश चंद्र कुमार को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया।

## रेल कर्मियों के स्वजनों को दिए स्वास्थ्य टिप्स

**रायपुर, 22 दिसम्बर।** रेलवे स्टेशन के पास लोको पायलट कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में रेलवे कर्मी व उनके परिवार जनो के लिए रेलवे रेल दुर्घटनाओ को देखते हुए रेलवे के रायपुर लॉबी में रनिंग स्टाफव उनके स्वजनों के लिए कार्यशाला हुई। इसमे उन्हे रेल दुर्घटनाओ की सामान्य वजह की जानकारी देते हुए इससे बचने के उपाय व बेहतर घरेलू माहौल रखने की जानकारी दी गई। रेल दुर्घटनाओ को ध्यान में रखते हुए परिचर्चा की गई। इस दौरान रनिंग स्टाफ के स्वजनों को संरक्षा टिप्स देने के साथ ही उनसे सुझाव भी लिया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में रेल कर्मचारी व स्वजन उपस्थित हुए। सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर/परिचालन/भिलाई, राजीव कुमार सोनी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। रायपुर रेलवे हॉस्पिटल के द्वारा हैल्थ चेक अप कैंप के माध्यम से डॉक्टर विजोया विस्वास एवं उनकी टीम के द्वारा हैल्थ चेक अप किया गया एवं हैल्थ टिप्स दिया गया। कार्यक्रम में लोको सुपरवाईज़र बी. एस. अट्टभैया एवं बी. के. राय उपस्थित थे।

# कश्तियां खूटों में बांध दो अपनी... ये साहिल ऐतबार के काबिल नहीं रहा...



'एक देश एक चुनाव' लोक सभा में पारित हो गया है, राज्यसभा तथा जेपीसी में भी प्रस्ताव जाएगा। इसके पीछे कई तर्क हैं, आईडी एफसी नामक इंस्टिट्यूट ने 2015 में एक रिपोर्ट दी थी यदि एक साथ लोस- विस चुनाव होते हैं तो 77त्नलोग एक ही पार्टी को वोट देते है, दोनों चुनावों में अंतर 6 माह या अधिक होता है तो यह अंतर 61त्न तक गिर जाता है।भाजपा का मानना है कि 2019 से 2023तक लोस सहित 40 विधानसभा चुनाव हुए हैं, भाजपा को वह लाभ नहीं मिल पाया जो एक साथ चुनाव कराने से मिलता..? पर उन्हें यह भी सोचना चाहिये कि 20 14 में लोस के साथ ही ओड़िशा के विस चुनाव भी हुए थे ओड़िशा में बीजू जनता दल को भाजपा से साढ़े 7त्न अधिक वोट मिले थे? पर हाल ही में लोस के साथ ओड़िशा विस चुनाव में भाजपा जरूर जीत गई, हाल ही में महाराष्ट्र विस चुनाव में भाजपानीत की सरकार बनी पर एक मात्र लोस उपचुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी विजयी रहा था।खैर लोकतंत्र के लिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बहुत सराहनीय कदम होगा पीएम मोदी ने कुछ साल पहले इच्छा जाहिर की थी कि ग्राम पंचायत से लेकर, विधानसभा, लोस चुनाव एक साथ हों। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी गठन हुआ था, इस पर कमीशन भी बन सकता था, कमीशन बनता तो पूर्व राष्ट्रपति शामिल नहीं हो सकते थे। इस कमेटी ने रिपोर्ट दे दी है।अभी बहुत सारी चीजें तय होनी है।चुनाव आयोग की भी इसमें बड़ी भूमिका रहेगी। ऐसे में अभी कुछ तुरंत नहीं होने जा रहा है।एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान में कम से कम 5 संशोधन करने होंगे संसद के सदनों की अवधि से संबंधित अनुच्छेद 83, राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा को भंग करने से संबंधित अनुच्छेद 85, राज्य विधान मंडलों की अवधि से संबंधित अनुच्छेद 172, राज्य विधानमंडलों के विघटन से संबंधित अनुच्छेद 174, राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू करने से संबंधित अनुच्छेद 356शामिल हैं। साथ ही संविधान की संघीय विशेषता को ध्यान में रखते हुए सभी दलों की सहमति जरूरी होगी। वहीं यह अनिवार्य है कि सभी राज्य सरकारों की सहमति प्राप्त की जाए।इसमें 14 राज्यों की मंजूरी की ज़रूरत होगी ये मुश्किल नहीं है, भाजपा या उसके सह योगी दलों की इतने राज्यों में सरकारें हैं।2/3 राज्य तो आने को भी तैयार हैं, आंध्र, ओडिशा के लिए तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि वहां लोस के साथ ही विस के भी चुनाव होते हैं। सबसे बड़ी समस्या राज्यसभा में हो सकती है। कांग्रेस सहित विपक्ष इसका समर्थन नहीं कर रही है तो राज्यसभा में इसको पास कराना कुछ मुश्किल होगा। कांग्रेस के लिए भी इस विधेयक को गिराकर चुनाव में जाना मुश्किल होगा।इतनी शर्तें सरकार पूरी भी कर ली जाती है तो एक सवाल फिर भी रहेगा कि क्या सभी राज्यों की विधानसभाओं को भंग किया जाएगा..? वैसे ÷पहले भी इस बारे में दो प्रस्ताव थे..(1) इसे दो चरण में किया जाए, लोक सभा चुनाव से कुछ महीने पहले, बाद के विधानसभा चुनावों को जोड़ दिया जाए (2)भाजपा और उसके सह योगी दलों की सरकारें विधानसभा खुद भंगकर दें, बाकी राज्यों की सरकारें भंग कर दी जाएं लेकिन इसमें क़ानूनी उलझाव है।किसी राज्य- सरकार के गिरने पर क्या होगा? वन नेशन-वन इलेक्शन विधेयक में स्पष्ट रूप से प्रावधान किया गया है कि अगर किसी राज्य की सरकार अविश्वास प्रस्ताव या अन्य कारणों से गिरती है, उस स्थिति में मध्यावधि चुनाव कराए जाएंगे, नई विधान सभा का कार्यकाल उस समय तक सीमित होगा जब तक अगले आम चुनाव न हो जाएं, इसका अर्थ यह है कि मध्यावधि चुनाव से चुनी गई नई सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं करेगी, बल्कि शेष अवधि के लिए सत्ता में रहेगी।




**नक्सलगढ़ पहुंचने वाले पहले गृहमंत्री शाहः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिनों के छत्तीसगढ़ दौरे पर रहे, रायपुर उसके बाद बस्तर बीजापुर में दौरा किया सुकमा- बीजापुर की सीमा पर घोर नक्सल प्रभावित गुंडम इलाके का अमित शाह ने दौरा किया, इलाका माओ वादियों का गढ़ माना जाता था, पहली बार कैंप खुला, उसके बाद से इस इलाके की तस्वीर बदल गई, महुआ पेड़ के नीचे गृहमंत्री ने चौपाल लगाई, लोगों से बात की, अमित शाह ने गुंडम फोर्स कैंप का जाय जालिया जवानों के कैंप से चौपाल तक एक किमी सड़क मार्ग से चौपाल पहुंचे, नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात की, उसके बाद महुआ पेड़ के नीचे चारपाई पर जन चौपाल भी लगाई।स्कूली बच्चों, ग्रामीणों से संवाद किया।अमित शाह, हिड़मा के गांव से 7 किमी पहले पड़ने वाले गांव गुंडम पहुंचे, बीजापुर- सुकमा के बॉर्डर पर स्थित है, नक्सलियों के जनताना सरकार का इलाका था, शाह ने गांव वालों से कई वादे भी किये। गुंडम गांव में चर्चा में अमित शाह ने कहा कि यहां पहले माओवादी रहते थे, इसी लिए विकास नहीं हो रहा था, अब वो इलाके को छोड़ कर भाग गए हैं और मार्च 2026 तक हम उनको पूरी तरह खत्म कर देंगे इसी लिए अब किसी को डरने की जरूरत नहीं है, जवानों का कैम्प स्थापित हो चुका है, आप लोगों को अब स्वास्थ्य और शिक्षा की कोई कमी नहीं होगी, जवान आपकी पूरी मदद करेंगे।



**डबल इंजन की सरकार, हाईकोर्ट की खंडपीठ :** देश और छ्ग में भाजपा की सरकार है, छ्ग के पूर्व मंत्री, अब सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छग उच्च न्यायालय के खंडपीठ की स्थापना से संबंधित प्रश्नोत्तर की जान कारी मिली।खंडपीठ को लेकर उनकी रूचि, प्रयास सराहनीय है।इस संबंध मे कुछ तथ्य इस तरह हैं।छग विस सचिवालय के पत्र 2 जनवरी 16 को तब विधि मंत्री को लिखे पत्र अनुसार सदन का यह मत है कि छ्ग के सरगुजा, बस्तर, रायपुर जिला मुख्यालयों में उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना की जाए।उक्त विषयक अशासकीय संकल्प विधानसभा मे 23 दिसंबर 2015 को सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ है, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र 11 मार्च 2016 द्वारा प्रमुख सचिव छग ने विधानसभा सचिवालय को सूचित किया गया कि विधानसभा के दिसंबर 2015 सत्र मे सरगुजा बस्तर, रायपुर जिला मुख्यालयों मे हाईकोर्ट की खंड पीठ की स्थापना के पारित अशासकीय संकल्प को विभाग के समसंख्यक पत्र 2 मार्च 2016 द्वारा भारत सरकार विधि और न्याय मंत्रालय, नई दिल्ली को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया है।उपरोक्त सभी तथ्यों की परख की जा सकती है फिर स्वयं ही तय करें कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम कर रही है?और क्या यह जनहित में हो रहा है?यह सवाल वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज दुबे ने उठाया है।

**27 आईएएस के खिलाफ शिकायतें:** छत्तीसगढ़ सरकार ने 27 आईएएस अधिकारियों के खिलाफशिकायत भी दर्ज कराई है, जिसमें उन पर 2019 से 2024 के बीच भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है, जिसमें आईएएस राजेश एस टोप्पो भी शामिल हैं, जो संवाद के पूर्व सीईओ थे, उन्होंने कथित तौर पर बिना उचित निविदा के 75. 74 लाख रुपये का काम करवाया, जिससे वित्तीय कुप्रबंधन हुआ।आईएएस संजय अलंग, जो पहले पाठ्य पुस्तक निगम के एम डी थे, वित्तीय अनियमितताओं और अधिकार के दुरुपयोग का आरोप है।कोरबा जिला कलेक्टर रह चुकी आईएएस रानू साहू पर फंड की हेराफेरी का आरोप है, जिसके कारण सरकारी को 8 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। उन पर जबरन वसूली और आय से अधिक संपत्ति रखने का भी आरोप है।खनन निदेशालय के निदेशक रहे, आई एएस समीर बिश्नोई पर सरकारी को चूना लगाने, आय से अधिक संपत्ति रखने की भी साजिश का आरोप है।स्कूल शिक्षा के पूर्व प्रमुख सचिव, आईएएस डॉ.आलोक शुक्ला पर ईओ डब्ल्यू के एक मामले में अवैध धन लाभ के लिए पद का दुरुपयोग करने, गवाहों को दबाव में लेने का आरोप है वाणिज्य-उद्योग विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव अनिल टुटेजा पर भी इसी तरह के आरोप हैं, साथ ही 100 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार, करोड़ों रुपये के शराब घोटाले में शामिल होने का आरोप है, इसके अलावा आईएएस विवेक ढांढ पर भी रेरा के चेयरमैन रहते सरकारी जमीन पर अति क्रमण करने का आरोप है।आबकारी आयुक्त आईए एस निरंजन दास करोड़ों की अवैध कमाई, आय से अधिक संपत्ति, शराब घोटाले की जांच के घेरे में हैं।आईएएस कुलदीप शर्मा ने जशपुर जिला पंचायत के सीईओ रहते कथित तौर पर अपने पद का दुरुपयोग किया।आईएएस सुरेन्द्र जायसवाल जैसे अन्य अधिकारियों पर ठाकुर प्यारे लाल पंचायत और ग्रामीण विकास संस्थान में निदेशक रहने के दौरान बिना सरकारी मंजूरी के ही करोड़ों रुपये के फ्लैट खरीदने का आरोप है।



### और अब बसज्ज

- » छ्ग विधानसभा में सत्ताधारी दल के राजेश मूणत, धर्मलाल कौशिक, अजय चंद्राकर अपने ही मंत्रियों को क्यों घेर रहे हैं?
- » आईएएस सुबोध सिंह की छ्ग वापसी हो गई है, वे सीएम के प्रमुख सचिव बनाये गये हैं?
- » छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव से पहले क्या जोगी परिवार की कांग्रेस वापसी हो पाएगी?
- » पहली बार विस सत्र में विधायकों के निजी सहायकों को भवन में इंट्री नहीं मिली?

# राजधानी के जैन मंदिर में लाखों की चोरी
## कीमती कलश, छत्र समेत अन्य आभूषणों पर हाथ साफ

**रायपुर, 22 दिसम्बर।** राजधानी में चोरों ने अब मंदिरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है. लाभांडी स्थित जैन मंदिर में चोरी की बड़ी घटना को चोरों ने अंजाम दिया है, जिसमें कीमती कलश, छत्र समेत अन्य आभूषण को लेकर फरार हो गए. घटना की जानकारी मिलने के बाद तेलीबांधा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है.



जानकारी के मुताबिक, रायपुर के लाभांडी स्थित पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में चोरी की बड़ी घटना हुई है. चोरों ने मंदिर में 10 लाख से अधिक के कलश, छत्र समेत अन्य आभूषण को लेकर फरार हो गए हैं. मंदिर में भगवान की मूर्ति को छोड़कर चोरों ने सबकुछ पार कर दिया हैं. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. चोरों ने जैन मंदिर में मूलनायक का स्वर्ण पॉलिस छत्र, 5 पंचमेरू, 8 अष्टप्रिहार्य, चांदी की 2 बड़ी थाली, चांदी के 9 अभिषेक कलश, चांदी के 6 शांतिधारा झारी, एक स्वर्ण कलश, चार छत्र चांदी, दो चांदी भाली, तीन आशिका, 5 चांदी की छोटी प्लेट, एक चांदी का लोटा, चांदी की एक गुंडी, चांदी की एक बड़ी गंजी, चांदी की एक चम्मच और अन्य सामग्री चोरी की है. मामले की जानकारी देते हुए सिविल लाइन ष्टस्क्कअजय कुमार ने बताया कि कल देर रात यह चोरी हुई है. जिसकी जांच पुलिस कर रही है. सोने-चांदी के आभूषण छत्र और पैसे भी चोरी हुए है. पुलिस जांच कर रही है. इसमें स्नढ्ढक्र भी दर्ज की जा रही है. प्रार्थी पक्ष सूची लेकर थाने पहुंचेगा, उसके हिसाब से पैसे का अनुमान लगाया जाएगा।

# विद्यार्थी जीवन जीवनकाल का सबसे महत्वपूर्ण समयः साव

**रायपुर, 22 दिसम्बर।** प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय कचहरी चौक रायपुर (छ.ग.)में वार्षिक समारोह महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण साव, उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, के साथ कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय तिवारी, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता घई एवं महाविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती माता की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्यार्थीयों को उद्बोधन देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन जीवनकाल का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है और विशेषकर बालिकाओं का। उन्होंने अपने



संबोधन में कहा कि महिलाएं आजकल केवल राज्य स्तर तक सीमित नहीं है वरन् राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और क्षमता अनुसार उच्चतम स्तर को पाने का प्रयास करें, इस हेतु उन्होंने महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय तिवारी जी ने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए छात्राओं के बहुमुखी विकास पर जोर दिया और संस्था के उत्तरोत्तर प्रगति पर संपूर्ण महाविद्यालय परिवार को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय के संचालन समिति के सचिव नरेश गुप्ता जी ने मुख्य अतिथि का स्वागत भाषण में परिचय देते हुए महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव समारोह के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता घई के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया द्वारा महाविद्यालय में इस सत्र से संचालित, नवीन पाठ्यक्रम एमएसडब्ल्यू और पीजी डिप्लोमा इन योगा की जानकारी दी गई तथा क्रीडा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता, महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता तथा नेटबॉल प्रतियोगिता 2024 के आयोजन का सौभाग्य महाविद्यालय को प्राप्त हुआ।




# युवा कांग्रेस 10 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ 23 को घेरेगी मुख्यमंत्री निवास

- विष्णु देव सरकार की 1 साल की असफलताओं को लेकर युवा कांग्रेस ने किया प्रेस वार्ता
- प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने युवा कांग्रेस का हल्ला बोल मुख्यमंत्री निवास घेराव का पोस्टर लांच किया



**रायपुर, 22 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस आने वाले दिनांक 23 दिसंबर 2024 को भाजपा के विष्णु देव सरकार के एक साल के कुशासन और अत्याचार के खिलाफ युवा कांग्रेस का हल्ला बोल मुख्यमंत्री निवास घेराव करने जा रही है इस घेराव में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश भर से 10000 से अधिक युवा राजधानी रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास की और कूच करेंगे।।

मुख्यमंत्री निवास घेराव के प्रमुख बिंदु में बढ़ता अपराध, बढ़ता नशा का व्यापार, बढ़ती महंगी बिजली देर, युवाओं को रोजगार से वंचित रखना, परसा में अदानी समूह द्वारा समय से पूर्ण हो रहे अधिक खनन, प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही वादा खिलाफी, 33000 शिक्षकों की भर्ती के झूठे वादे, 500 सिलेंडर के वादे से वादा खिलाफी। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पिछले एक वर्ष से भाजपा की सरकार सत्ता में आई है तब से प्रदेश की हालत बत्तर होती जा रही है भाजपा सत्ता में आने के लिए जो वादे प्रदेश की जनता से किए थे आज वह सारी वादे भूल चुकी है प्रदेश में अपराध एवं कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है प्रदेश में मेडिकलों में खुलेआम नशा बिक रहा है जिससे आए दिन चाकू बाजी, चोरी और डकैती जैसे हालात प्रदेश में उत्पन्न हो गए है इसके खिलाफ युवा कांग्रेस 23 दिसंबर को 10000 से अधिक युवाओं के साथ मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रही है इस घेराव में हमारे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश के तमाम वरिष्ठ नेताओं में उपस्थित रहेंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26